# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




आबकारी राजस्व बढ़ाने का सरकार का नया दांव

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब वो दिन दूर नहीं, जब बीयर गन्ना रस की तरह बिकेगी। कोई भी चाहे तो लायसेंस लेकर यह क्रॉफ्ट बीयर बनाने की शुरुआत कर सकता है, लेकिन इस काम के लिए 25 लाख रुपए शुल्क देकर लायसेंस लेना होगा।

# छग में अब गन्ना रस की तरह बिकेगी बीयर, गिलास में सर्व, बनाने-बेचने के लिए 25 लाख में मिलेगा लायसेंस

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने इस काम के लिए छत्तीसगढ़ सूक्ष्म यवासवनी नियम (माईक्रोब्रेवरी) 2025 बनाया है। आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि इस तरह की बीयर अब तक महानगरों में मिलती रही है। अब यह छत्तीसगढ़ के शौकीनों के लिए भी उपलब्ध होगी। खास बात ▶▶| शेष पेज 9 पर



### 25 लाख रुपए में मिलेगा लायसेंस

इस बीयर का संयत्र स्थापित करने के लिए 25 लाख रुपए लायसेंस फीस अदा करनी होगी। लायसेंस हासिल करने के पहले यह राशि अदा करनी होगी। सूक्ष्म यवासवनी में निर्मित क्रॉफ्ट बीयर का अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न रेस्टोरेंट में ही ग्राहकों ▶▶| शेष पेज 9 पर

### क्या है क्रॉफ्ट बीयर

बीयर क्रॉफ्ट का मतलब ये है कि सूक्ष्म यवासवनी या उसके लायसेंस क्षेत्र में संलग्न रेस्टारेंट में निर्मित उस बीयर से है, जिसे उपयुक्त खाद्य सामाग्री के साथ सुगंधित, लेकिन चीनी या सिंथेटिक स्वादों को शामिल किए बिना पास्चुरीकृत किया जा सकता है, या नहीं भी किया जा सकता, इससे क्रॉफ्ट बीयर बनाई जाती है। इसमें अल्कोहल की स्ट्रेंथ 14 प्रूफ स्प्रिट या 8 प्रतिशत वीवी से अधिक नहीं होती है। खास बात ये है कि इस बीयर में कई तरह के फ्लेवर होते हैं। पीने में स्वादिष्ट और हेल्दी पेय भी माना जाता है। यह बीयर पैक करके या बोतलों में भरकर नहीं बेची जा सकेगी। इस बीयर को गिलास में सर्व कर पिलाना होगा, जैसे गन्ना रस बेचा जाता है। यह बीयर तैयार करने वाले संयत्र को माइक्रो ब्रेवरी कहा जाता है, इसकी निर्माण क्षमता 1000 लीटर तय की गई है।

### एक माइक्रोब्रेवरी में साल में 3 लाख 65 हजार बल्क लीटर बनेगी बीयर

सूक्ष्म यवासवक को वर्ष में अधिकतम 3 लाख 65 हजार बल्क लीटर क्रॉफ्ट बीयर के निर्माण की अनुमति होगी। इस हेतु राज्य शासन द्वारा बीयर (विदेशी मदिरा माल्ट) पर निर्धारित न्यूनतम ड्यूटी दर (सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों/उनकी संस्थाओं/क्लबों के लिए निर्धारित न्यूनतम ड्यूटी राशि को छोड़कर) को आधार मानते हुए एक माह में क्रॉफ्ट बीयर के अनुज्ञप्त उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए समतुल्य ड्यूटी राशि परिगणित कर, मासिक आधार पर अग्रिम रूप में प्रतिमास के प्रांरभ होने के पूर्व ही जमा किया जाना अनिवार्य होगा, जिसका दैनिक लेखा-जोखा सूक्ष्म यवासवक को रखना होगा।


## खबर संक्षेप

### जहरीली गैस से परिवार के तीन सदस्यों की मौत



**पीलीभीत।** पीलीभीत जिले के माधोटांडा क्षेत्र में सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस के कारण दम घुटने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। माधोटांडा थाना क्षेत्र के सेल्हा गांव में प्रह्लाद मंडल (60) अपनी बेटी तनु (32) और दामाद कार्तिक विश्वास (38) के साथ सफाई करने टैंक में उतरे थे। इसी समय पास में बने पुराने सेप्टिक टैंक से गैस का रिसाव हो गया जिससे दम घुटने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। जब कुछ देर बाद प्रह्लाद की पत्नी वहां पहुंचीं तो तीनों को टैंक में बेसुध पड़ा देख शोर मचाया।

### 'सेक्सटॉर्शन' गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक कथित 'सेक्सटॉर्शन' गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। आपत्तिजनक स्थिति में रिकॉर्डिंग की और फिर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उसे धमकाते हुए 14 लाख रुपए वसूल लिए। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के मेवात से वसीम (30), जावेद (48) और खालिद (23) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी, लोगों को वीडियो कॉल करते थे और उन्हें महिलाओं की पहले से रिकॉर्ड की गई अश्लील वीडियो के जरिए लुभाते थे।

### 21वीं मंजिल से कूदकर इंजीनियर ने की खुदकुशी




**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंभिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली और बुधवार रात को आकस्मिक मौत की रिपोर्ट दर्ज की गई। अधिकारी ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी।

### अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत



**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में ट्रक पलट जाने के बाद ऑटोरिक्शा से टकरा गया, जिसके कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे। दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

## बेंगलुरु भगदड़ में 11 की मौत, 47 घायल की पुष्टि, सीआईडी को जांच का जिम्मा

# आरसीबी-केसीए पर केस दर्ज, पुलिस कमिश्नर समेत कई अफसर सस्पेंड

*बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नर समेत कई अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस ने आईपीएल टीम आरसीबी, इवेंट कंपनी डीएनए नेटवर्क्स और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इस बीच, घटना की जांच का जिम्मा सीआईडी को सौंपा गया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी।*



***बिना इजाजत आयोजन, फ्री में एंट्री से बढ़ गई दर्शकों की तादाद***

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने हुई भगदड़ के मामले में बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद और कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच कर्नाटक हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माइकल कुन्हा की अध्यक्षता वाले एक-सदस्यीय न्यायिक आयोग को सौंपते हुए, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजर्स और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया है। यह भगदड़ बुधवार शाम को स्टेडियम के ▶▶| शेष पेज 9 पर

### हादसा क्यों और कैसे

- स्टेडियम में फ्री पास से एंट्री। पास के लिए साइट क्रैश हो गई। पास पाने वालों के साथ ही बिना पास के लोग भी स्टेडियम पहुंचे।
- भीड़ ने स्टेडियम में घुसने के लिए गेट नंबर 12, 13 और 10 तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भगदड़ मच गई।
- भीड़ और बढ़ी तो सभी गेट बंद कर दिए गए। इससे पास वाले भी अंदर नहीं घुस पाए। हंगामा शुरू हो गया। गेट नंबर 10 पर स्थिति ज्यादा बिगड़ी।
- पुलिस ने महिलाओं-बच्चों को पीछे धकेला, कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं।
- सरकार ने कहा- 5 हजार सुरक्षाकर्मी थे, लेकिन भीड़ बहुत थी। इसलिए विक्ट्री परेड नहीं हो सकी।

### सीआईडी के अंतर्गत एसआईटी का किया जाएगा गठन



### इन अफसरों पर गिरी गाज

सरकार ने पुलिस कमिश्नर के अलावा एडिशनल पुलिस कमिश्नर, सेंट्रल डिवीजन डीसीपी, एसीपी, कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन के इंसपेक्टर , स्टेशन हाउस ऑफिसर, क्रिकेट स्टेडियम इंचार्ज सभी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### इन पर केस दर्ज

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और अन्य के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, यह मामला कब्बन पार्क पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118, 190, 121 (किसी अपराध के लिए उकसाना) के तहत दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- आपके पास कोई एसओपी है

*हाईकोर्ट की पीठ ने पूछा, मान लीजिए अगर भविष्य में ऐसा कुछ होता है, तो आपके पास कोई एसओपी है? क्या कोई गाड़ी है, जो ऐसी घटना होने पर तुरंत मिल सके। घायलों को किस अस्पताल में ले जाया जाएगा? यह सब एसओपी में शामिल किया जाना चाहिए। इस पर कर्नाटक सरकार के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि यह भविष्य की बात है।*

### आरसीबी ने किया 10-10 लाख रुपए देने का ऐलान

*चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने बताया, आरसीबी केयर्स नाम से एक स्पेशल फंड बनाया जाएगा।*

पप्पू बंसल लंबे समय से फरार चल रहा था

## शराब घोटाला, ईओडब्लू के फंदे में भाटिया के बाद अब बंसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले में भिलाई के कारोबारी पप्पू बंसल को ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने पूछताछ के लिए गुरुवार को हिरासत में लिया है। शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए पप्पू की ईओडब्लू तथा एसीबी को लंबे अरसे से तलाश थी।

आरोप है कि भिलाई का कारोबारी पप्पू बंसल घोटाले की रकम अपने कारोबार में निवेश कराकर मैनेज कर संबंधितों तक पहुंचाने का काम करता था। कारोबारी के अलग-अलग ठिकानों पर पूर्व में ईडी के साथ ईओडब्लू की टीम दबिश दे चुकी है, लेकिन वह हर बार ▶▶| शेष पेज 9 पर

*पूछताछ करने पप्पू को ईओडब्लू आज कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग कर सकती है*

### विजय के साथ पप्पू को आज कोर्ट में पेश कर सकती है

भिलाई के शराब कारोबारी विजय भाटिया को ईओडब्लू ने पिछले दिनों दिल्ली, गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने विजय शुक्रवार तक ईओडब्लू की रिमांड पर है। विजय को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। विजय के साथ हिरासत में लिए गए पप्पू को भी ईओडब्लू की टीम कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने रिमांड मांग सकती है।

### इतने प्रतिशत मिलता था कमीशन

विजय ने अपने करीबी अतुल सिंह और मुकेश मनचंदा के नाम पर ओम साईं ब्रेवरेज लिमिटेड नामक कंपनी बनाई। कंपनी की 52 फीसदी हिस्सेदारी विजय ने खुद के पास रखी। यह कंपनी विदेशी शराब कंपनी से शराब खरीदती थी। इसमें अपना 10 प्रतिशत कमीशन जोड़कर सरकार को सप्लाई करती थी। इस कमीशन का 60 फीसदी सिंडिकेट को देता था और 40 फीसदी कमीशन खुद रखता था।

## आईएफएस प्रसाद ने दिया इस्तीफा, दिल्ली से अभिषेक की वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय वन सेवा के अफसर अरुण प्रसाद पी. ने सेवा से त्यागपत्र दे दिया है। इधर, केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत आईएफएस अभिषेक सिंह की प्रतिनियुक्ति समय से पहले खत्म कर केंद्र ने रिलीव कर दिया है। वे जल्द ही छत्तीसगढ़ लौटेंगे।



- इस्तीफा स्वीकृति की अनुशंसा कर केन्द्र सरकार को भेजा जाएगा

आईएफएस अरुण प्रसाद वर्ष-06 बैच के मुख्य वन संरक्षक स्तर के अफसर हैं। बुधवार को उन्होंने राज्य सरकार को अपना इस्तीफा भेज दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफे में व्यक्तिगत कारणों का जिक्र किया है। विभाग प्रमुख ने कहा, राज्य सरकार इस्तीफा स्वीकृति की अनुशंसा कर केन्द्र सरकार को भेजेगी। अभी इस्तीफा स्वीकृत नहीं ▶▶| शेष पेज 9 पर



## रामजी अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे राज्यपाल डेका, सीएम साय, मप्र-छग विस अध्यक्ष तोमर, रमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वरिष्ठ समाज सेवी, गौ सेवक, अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता स्वर्गीय रामजीलाल अग्रवाल की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को बारहवां एवं पगड़ी रस्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ समेत देश भर से आम और खास लोग पहुंचे और पुण्यआत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, केदार कश्यप, पूर्व ▶▶| शेष पेज 9 पर

## दो साल से एक स्थान पर नौकरी वालों के ही होंगे परस्पर सहमति के आधार पर तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य सरकार ने अपनी नई तबादला नीति में परस्पर सहमति से स्थानांतरण के मामले में साफ किया है कि ऐसे शासकीय सेवक एक ही स्थान पर दो या उससे अधिक कालवधि से पदस्थ हों, परस्पर सहमति के लिए उन्हीं के आवेदन स्थानांतरण के लिए प्रस्तावित किये जाएंगे। परस्पर सहमति के आधार पर स्थानांतरण भी दो वर्ष या उससे अधिक कालवधि से पदस्थ शासकीय सेवकों के लिए लागू होगा। सरकार ने शासकीय सेवक पति-पत्नी को एक ही स्थान पर तबादले के लिए सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात नीति में कही है। तबादला नीति में कहा गया है कि जिन शासकीय सेवकों की सेवानिवृति ▶▶| शेष पेज 9 पर



### पति-पत्नी एक स्थान पर रह पाएंगे?

शासकीय सेवक पति-पत्नी के स्थानांतरण के संबंध में नीति में कहा गया है कि यदि किसी शासकीय सेवक की पत्नी/पति एक ही स्थान पर पदस्थापना के लिए अनुरोध करे तो यथा संभव प्रशासकीय सुविधा एवं जनहित को ध्यान में समझते हुए उन्हें एक ही स्थान पर पदस्थापना देने का प्रयास किया ▶▶| शेष पेज 9 पर

### 10 दिन में ज्वाइनिंग जरूरी

नीति में कहा गया है कि स्थानांतरित किये गए शासकीय सेवक को स्थानांतरण आदेश जारी होने के 10 दिवस के भीतर कार्यमुक्त किया जाए। यदि संबंधित शासकीय सेवक निर्धारित समयावधि में कार्यमुक्त नही होता है तो उसे सक्षम अधिकारी द्वारा एकपक्षीय भारमुक्त करने के ▶▶| शेष पेज 9 पर

भगवान राम के शाही स्वरूप 'राजा राम' और अन्य विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा

# अयोध्या में भगवान श्रीराम का 'दरबार' सजा

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित भव्य राम दरबार की पहली झलक ने पूरे देश को एक अनूठी आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में गंगा दशहरा के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित धार्मिक समारोह में राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर नवनिर्मित आठ मंदिरों में विग्रहों की स्थापना के साथ-साथ भगवान राम के शाही स्वरूप 'राजा राम' की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के बीच हुआ यह अनुष्ठान इस ▶▶| शेष पेज 9 पर

### राम दरबार की अनूठी प्रतिमा

यह दूसरी बार है जब श्रीराम मंदिर में इतने भव्य स्तर पर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई है। पहली बार जनवरी 2024 में श्रीराम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा की गई थी. राम दरबार की यह प्रतिमा, जिसमें श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमानजी एक साथ विराजमान हैं। एक संपूर्ण धर्म-दर्शन, पारिवारिक मर्यादा और भक्ति की प्रतिमूर्ति बन गई है।



### गंगा दशहरा पर शुभ कार्य से कई गुना फल

अयोध्या के ज्योतिषी पंडित कल्कि राम ने कहा, गंगा दशहरा पर किया गया कोई भी शुभ कार्य कई गुना फल देता है। शायद यही वजह है कि राम मंदिर ट्रस्ट ने राजा राम के अभिषेक के लिए इस दिन को चुना। अयोध्या में रसिक निवास मंदिर के मुख्य पुजारी महंत रघुवर शरण ने बताया, इस साल गंगा दशहरा ऐतिहासिक है, क्योंकि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद भगवान राम के 'राजा राम' स्वरूप को अयोध्या में राम मंदिर की पहली मंजिल पर औपचारिक रूप से प्रतिष्ठापित किया गया है।

### सीएम योगी ने राम मंदिर में की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री योगी लखनऊ में अपने आवास पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद अयोध्या पहुंचे। वहां उन्होंने राम मंदिर में पूजा-अर्चना की, पहली मंजिल पर 'राम दरबार' के दर्शन किए और पास के हनुमानगढ़ी मंदिर भी गए। योगी ने सुबह 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या धाम में आज श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर श्रीराम दरबार सहित अष्ट देवालयों में पवित्र देव विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आयोजित कार्यक्रम का साक्षी बनने का परम सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।






# पीईटी व पीपीएचटी के परिणाम जारी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग में 70% छात्र नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पीईटी के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 8 मई को आयोजित की गई थी। इसके बाद व्यापम ने मॉडल आंसर जारी कर दावा आपत्ति मांगी थी। इनके निराकरण पश्चात अंतिम परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में दाखिले मिलेंगे। पीईटी के लिए 20400 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 39% अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने नहीं पहुंचे थे। पीईटी परिणाम जारी होने के बाद अब तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग शेड्यूल जारी किया जाएगा। पीईटी के साथ ही व्यापम ने फॉर्मेसी प्रवेश परीक्षा अर्थात पीपीएचटी के परिणाम भी जारी कर दिए हैं। प्री फॉर्मेसी टेस्ट के लिए 32 हजार आवेदन मिले थे। इनमें से 53% कैंडिडेट ने परीक्षा दिलाई थी। पीपीएचटी के आधार पर बीफार्मा सहित फॉर्मेसी के अन्य पाठ्यक्रमें में छात्रों को प्रवेश दिए जाएंगे। इसके लिए भी काउंसिलिंग शेड्यूल तकनीकी शिक्षा संचालनालय ही तय करेगा।

## व्यापम ने घोषित किए पीईटी व पीपीएचटी के नतीजे, 8 मई को हुई थी परीक्षा

### 2769 ने किया आवेदन, पहुंचे सिर्फ 688

पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 30% अभ्यर्थी ही उपस्थित रहे, जबकि प्री एमएससी नर्सिंग में 53 प्रतिशत छात्र शामिल हुए। रायपुर में एमएससी नर्सिंग के लिए 3792 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 2173 छात्र उपस्थित रहे, जबकि 1619 ने परीक्षा छोड़ दी। बिलासपुर में 2045 आवेदन मिले थे। इनमें से 908 ने परीक्षा दिलाई और 1137 अनुपस्थित रहे। रायपुर में पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 3331 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 1127 उपस्थित तथा 2204 अनुपस्थित रहे। बिलासपुर में इसके लिए 2769 छात्रों ने आवेदन किए थे। इनमें से सिर्फ 688 ने ही परीक्षा दिलाई। शेष 2108 छात्र अनुपस्थित रहे। इसके कारण कई केंद्र सूने-सूने रहे।

गुरुवार को आयोजित की गई एमएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश



### दो जिलों में ही परीक्षा केंद्र

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के साथ ही व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाएं भी आयोजित की गई। गुरुवार को दो पालियों में एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। छात्रों द्वारा कम संख्या में आवेदन किए जाने के कारण व्यापम द्वारा केवल दो ही जिलों में केंद्र बनाए गए थे। रायपुर के अलावा बिलासपुर में यह परीक्षा हुई। परीक्षा में उपस्थिति का आंकड़ा कम होने का एक कारण यह भी रहा। परीक्षा में अनुपस्थित रहे कैंडिडेट्स अधिकतर इन दो जिलों से दूरस्थ स्थानों में निवासरत विद्यार्थी रहे।

## खबर संक्षेप



### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार गर्भवती की गई जान

**बालोद** । इलाज के लिए बाइक से अस्पताल जा रहे दंपति को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमे पीछे बैठी गर्भवती महिला की मौके पर ही मौत हो गई व बाईक चालक उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पुरुर थाना क्षेत्र के चिटौद गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी। दंपति इलाज के लिए बाइक से अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान चिटौद गांव के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक महिला की पहचान 35 वर्षीय नेमलता साहू के रूप में हुई है, जो गर्भवती थी। पति 39 वर्षीय कोमल साहू गंभीर रूप से घायल है।

### खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक, एक की मौत



**कांकेर**। बीती रात को कांकेर से सिंगारभाट मार्ग पर मरकाटोला के समीप बिना संकेतक के खड़े बिगड़े ट्रैक्टर से मोटर सायकल में सवार युवक टकरा गए, जिसमें एक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पुलिस के अनुसार चेतन सिंह बघेल का मरकाटोला डुमाली के पास रात्रि करीबन साढ़े 7 बजे से 8 बजे के बीच लाल रंग का महेन्द्रा 475 डी आई टेक्टर क्रमाक सीजी 19 बीके 6516 में लगा ट्राली के खराब होने से रोड में होने से ट्राली के पीछे भांजा चेतन सिंह बघेल की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीजी 7546 जाकर एक्सीडेंट होने से आसपास के लोगों की मदद से निजी वाहन से ईलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, जो भांजा वेतन सिंह बघेल का रास्ते से मौत हो गया।

### शरारती बंदर ने लड़की का लौटाया मोबाइल



**भिलाई**। कलेक्टोरेट और कोर्ट परिसर दुर्ग में उत्पात मचाते बंदर अपने मानवसुलभ करतबों से भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन पालतूनुमा लंगूरों की दिलचस्प हरकतों ने व्यस्ततम और तनावग्रस्त अधिकारियों, वकीलों के साथ मुल्जिमों को भी कुछ पल के लिए गुदगुदाने पर मजबूर कर दिया। एक बंदर चालक की तरह कभी खड़ी बाइक का एक्सीलेटर दबाता तो कभी नीचे उतरकर किक मारते हुए कौतुक का केंद्र बना रहा। जब एक लड़की ने शरारत से दांत किटकिटाते चिढ़ाया तो बंदर गुस्से से झपट्टा मारते हुए उसके हाथ से मोबाइल छीन दूर जा बैठा। कुछ लोगों ने चनों के साथ और अपने मोबाइल बंदरो दिखाए। बंदर चने उठाने के प्रयास में लड़की का मोबाइल जमीन पर छोड़ गया।

## अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में तैयार किए जा रहे थे धान और मक्का के बीज

# डुप्लीकेट खाद के बाद अब सरगुजा में नकली बीज के कारोबार का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

**सरगुजा में डुप्लीकेट और मिलावटी खाद के बाद अब नकली बीज के कारोबार का खुलासा हुआ है। शहर के गंगापुर में अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में बंगाल की रजिस्टर्ड कंपनी के नाम पर धान और मक्का बीज की पैकेजिंग कर सप्लाई की जा रही थी। इस बात की सूचना मिलने के बाद कृषि विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके से दो ट्रक से अधिक नकली धान बीज, ब्रांडेड कंपनी के पैकेट, मक्का बीज के पैकेट बरामद किए गए है। टीम ने नकली बीज को जब्त करने के साथ ही मशीन और गोदाम को सील कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।**

खास खबर

खरीफ फसल का सीजन शुरू होने के साथ ही किसान अपने अपने खेतों में धान की फसल लगाने के लिए कार्यों में जुट गए है। जिले में नकली धान और मक्का बीज बनाए जाने का खुलासा हुआ है। गुरुवार को नकली बीज फैक्ट्री के संबंध में मिली सूचना के बाद जिला प्रशासन और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के नमनाकला गंगापुर में स्थित एक फैक्ट्री सह गोदाम में छापा मारा। मौके पर नकली बीज बनाने का कारोबार चल रहा था, जिसे देखकर अधिकारियों के होश उड़ गए। उक्त बीज उत्पादन फैक्ट्री का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है बड़ी मशीनें लगाकर धान बीज तैयार किया जा रहा था। मौके से टीम ने लगभग दो ट्रक धान व पैकेजिंग किया गया बीज, प्लास्टिक पैकेट, मक्का बीज के पैकेट बरामद किए गये है जिसकी कीमत करोड़ों में है। लाखों रुपए की मशीन जब्त की गई है।

### बाजारों में सप्लाई फसल होगी बर्बाद

नकली धान और मक्का बीज तैयार करने का काम शहर के बीच लम्बे समय से चल रहा था। उक्त फैक्ट्री किसी इन्द्रजीत नामक व्यक्ति की बताई जा रही है। फैक्ट्री के सेटअप को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां बड़े पैमाने पर नकली धान व मक्का बीज तैयार किया गया है और उसकी सप्लाई बाजार में की गई है। मौके पर धान बीज के एक ट्रक पैकेट व एक ट्रक खुला धान जब्त किया गया है। ब्रांडेड कंपनी के नाम का उपयोग होने के कारण धान और मक्का बीज ले लिया होगा। इस नकली धान और मक्का बीज का उपयोग करने से अब फसल पर बुरा असर पड़ने वाला है।



**चल रही है जांच:** सूचना के आधार पर फैक्ट्री में छापा मारा गया है। मौके पर आगरा और पश्चिम बंगला में रजिस्टर्ड कम्पनी के ब्रांड के नाम का उपयोग कर धान और मक्का बीज का कारोबार किया जा रहा था। धान और मक्का बीज की मशीन से प्रोसेसिंग की जा रही थी और ब्रांडेड कंपनी के पैकेट में भरा गया था। संभावना है कि नकली बीज की सप्लाई मार्केट में की गई है। सैम्पल लेने के साथ ही फैक्ट्री को सील किया गया है। बाजार में भी इस कंपनी के धान और मक्का बीज की जांच की जाएगी। जांच के बाद उचित कार्रवाई होगी। **-उमेश्वर सिंह बाज, तहसीलदार**

### बंगाल व आगरा की कंपनी के नाम का उपयोग

जांच के दौरान टीम को मौके पर भारी मात्रा में बाहर रजिस्टर्ड कंपनी के नाम से पैकेजिंग किए गये धान बीज मिले है। फैक्ट्री में मोरबीकार्प साइंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम का उपयोग किया जा रहा था। उक्त कम्पनी पश्चिम बंगार और आगरा में रजिस्टर्ड है। मौके से लीला गोल्ड, उज्ज्वला गोल्ड, प्रिया गोल्ड, आर्या गोल्ड सहित अन्य कंपनियों के नाम के धान बीज के पैकेट मिले है। जबकि भारी मात्रा में कंपनी के खाली पैकेट मिले है। वहीं टीम को मौके पर मक्का बीज भी मिला है। हालांकि मक्का बीज की सप्लाई कर दी गई थी। मौके पर सिर्फ गिरे हुए कुछ मक्का बीज और ब्रांडेड कंपनी के प्लास्टिक पैकेट मिले है।

## फेसबुक पर कांग्रेस नेता ने किया था पोस्ट

# अभद्र टिप्पणी करने वाले बृजमोहन को जमानत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्विजेंद्र नाथ ठाकुर की अदालत में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध भिलाई के कांग्रेस नेता और साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वैशाली नगर पुलिस ने पूर्व साडा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 353 (1) (बी), 353 (1) (सी) और धारा 353 (2) और आईटी एक्ट की धारा के तहत पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद बृजमोहन को बुधवार को दुर्ग कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया था। अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि आरोपी ने आरोपी पर पहली बार इस तरह का आरोप लगा है। इन धाराओं में तीन वर्ष कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान है। इसलिए उसे हिरासत में रखा जाना सही नहीं है। जमानत आवेदन पर सौरभ चटर्जी की ओर से अधिवक्ता गौरी चक्रवर्ती ने आपत्ति दर्ज कराई। गौरी चक्रवर्ती ने आपत्ति पर लिखा कि प्रधानमंत्री संवैधानिक पद है। इस पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ टिपणी करना पद की गरिमा के अनुरुप ठीक नहीं है।

### आरोपी विवेचना में नहीं कर रहा सहयोग


अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी पुलिस विवेचना में भी सहयोग नहीं कर रहा है। यह बात पुलिस डायरी में भी अंकित है। अभी विवेचना भी अपूर्ण है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने माना कि किसी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे अभद्र अशोभनीय टिप्पणी किया जाना बेहद गंभीर है।

## हाईकोर्ट का निर्णय

# महासमुंद की शिक्षिका के युक्तियुक्तकरण पर 10 दिन की लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने महासमुंद की शिक्षिका की याचिका पर सुनवाई करते हुए युक्तियुक्तकरण पर 10 दिनों के लिए रोक लगाई है। हाईकोर्ट ने शिक्षिका के अभ्यावेदन का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश भी दिए हैं। हाईकोर्ट का यह स्थगन प्रदेश के स्कूलों के लिए नहीं है। हाईकोर्ट में इस संदर्भ में दायर अन्य मामलों की सुनवाई भी जारी रहेगी। महासमुंद जिले के गवर्नमेंट अभ्यास प्रायमरी स्कूल में पदस्थ कल्याणी थेकर ने वकील अवध त्रिपाठी के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें उन्होंने बताया कि स्कूल में 91 स्टूडेंटस हैं। शासन के निर्देश अनुसार वहां एक हेडमास्टर, चार टीचर होने चाहिए, लेकिन अफसरों ने दर्ज संख्या कम 88 स्टूडेंट्स बता दिया। इसके कारण उनका नाम युक्तियुक्तकरण की सूची में डाल दिया गया और उनकी पदस्थापना दूर के स्कूल में कर दी। सुनवाई के दौरान शासन की तरफ से स्वीकार किया गया कि स्कूल की दर्ज संख्या में त्रुटि हो गई है, जिसके कारण ऐसा हुआ है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य शासन द्वारा बिना दावा-आपत्ति लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू करना असंवैधानिक है।



### टीचरों ने लगाए हैं आरोप

याचिकाओं में कहा गया है कि कई टीचरों ने आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मिलकर नियमों को दरकिनार करते हुए युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई करते हुए शिक्षकों को दूरस्थ स्कूलो में भेजा गया है। इसी तरह एक याचिका में महासमुंद जिले में शासकीय अभ्यास प्राईमरी स्कूल की शिक्षिका कल्याणी थेकर के वकील अवध त्रिपाठी ने बताया है कि स्कूल में 91 स्टूडेंट हैं, जिसके अनुसार शासन के निर्देश पर एक हेडमास्टर व चार टीचर होने चाहिए, लेकिन अफसरों ने दर्ज संख्या कम कर छात्रों की संख्या को 88 कर दिया व इसी आधार पर शिक्षक को अतिशेष बताकर युक्तियुक्तकरण दूर के स्कूल में कर दिया गया।

### सभी जिलों में किया गया विरोध

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर आपत्ति करते हुए लगभग सभी जिलों में विरोध किया गया है व हाईकोर्ट में याचिकाएं भी प्रस्तुत की गई है। इनमें बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर व महासमुंद के शिक्षक शामिल हैं। बिलासपुर में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत हुई काउंसिलिंग में जिला प्रशासन के अफसरों की मौजूदगी में नियमों को दरकिनार कर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। कई टीचर ऐसे हैं जिनकी पोस्टिंग एक स्कूल में है लेकिन पद नहीं होने के कारण उनका वेतन किसी दूसरे स्कूल से दिया जा रहा है। इसके बाद भी इन शिक्षकों का नाम अतिशेष की सूची में नहीं है। इसके विपरीत एक महिला शिक्षिका को स्कूल प्राचार्य द्वारा स्कूल में कोई भी शिक्षक अतिशेष नहीं होने की लिखित जानकारी देने के बाद भी अतिशेष बता दिया गया।

# मध्यप्रदेश के दो आरोपियों से 36 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मध्यप्रदेश के दो आरोपियों के कब्जे से 36 लाख रुपए का 240 किलो गांजा और आईसर वाहन पुलिस ने जब्त किया गया है। 5 जून को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक लाल कलर का आईसर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 9434 मे अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। यह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की और पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजेश उर्फ राजू जाट पिता रेवाराम जाट (47 साल) निवासी सूर्योदय नगर सेक्टर बी थाना हवाबंगला जिला इंदौर मध्यप्रदेश और बलवेश नाथ पिता कैलाश नाथ (25 साल) निवासी खाते गांव सुंदलपुर थाना खाते गांव जिला देवास मध्यप्रदेश का निवासी होना बताए और भागने का कारण पूछने पर वाहन के डाला में गांजा होना बताया। वाहन की तलाशी के दौरान 7 नग प्लास्टिक बोरियों में कुल 240 किलोग्राम अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा कीमत 36,00,000 रुपए, घटना मे प्रयुक्त एक लाल कलर का आईचर वाहन कीमत 20,00,000 रुपए, मोबाइल कुल 56,20,000 रुपए का सामान बरामद किया। गांजा के संबंध में पूछताछ में आरोपियों ने सोनपुर ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया।



# बस्तर में खपाने एमपी से लाई दो लाख की शराब पकड़ी गई

## एप्पी फ्रीज के बॉक्स का किया जा रहा था उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत स्मृतिनगर क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों के चलते पुलिस ने मनोहर चाय के बाजू में मेन रोड पर एक किराए के मकान में दबिश दी। जहां से पुलिस ने 48 पेटी अवैध शराब जब्त की है। शराब की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को लांजी मध्यप्रदेश एवं दूसरे को बस्तर से गिरफ्तार किया है। आरोपी एमपी से शराब की तस्करी कर बस्तर में खपाने के फिराक में थे। आरोपियों से मध्य प्रदेश में बनी 48 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। साथ में एक इनोवा कार, एक कार टोएटा एवं 2 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सबसे पहले शौर्य सिंह को पकड़कर पूछताछ की गई। इसके बाद इनोवा कार सीजी 07 एएक्स 8919, एक टोएटा डीएल 7सीजी 6675 में कुल 46 पेटी गोवा शराब मिली। पूछताछ में पता चला कि



शराब लोहाण्डीगुड़ा बस्तर ले जाने की तैयारी थी। एप्पी फ्रीज के बॉक्स में शराब को रखा गया था। पुलिस ने शौर्य सिंह की निशानदेही पर लांजी से रामनिवास राव और कोण्डागांव तुलसी सेठिया को पकड़ा। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया।

## वन अमले ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद सुरक्षित निकाला बाहर

# पत्ता खाने के चक्कर में कुएं में जा गिरा हाथी शावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा के बाद अब खरसिया रेंज में फिर से एक हाथी शावक के कुएं में गिरने का मामला सामने आया है। रात में शावक अपने झुंड के साथ आया और कुएं के करीब पत्ता खाने पहुंचा था। तभी अचानक वह कुएं में जा गिरा। मामले की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और एक घंटे रेस्क्यू कर हाथी को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

दरअसल बुधवार की रात को छाल वन परिक्षेत्र से 30 हाथियों का झुंड खरसिया रेंज की ओर पहुंचा। जहां गुर्दा सर्किल के तेंदुमुड़ी बीट में जंगल से निकलकर हाथी गांव के करीब आ गए। तभी वहां एक कुंए के




पास हाथी का शावक पत्ता खाने पहुंचा और फिसलकर कुएं में गिर गया। ऐसे में रात भर वह कुएं में ही फंसा रहा और उसका झुंड नदी पार कर वापस छाल रेंज में चला गया। हाथी शावक सुबह चिंघाड़ने लगा तो इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को हुई। ऐसे में तेंदुमुड़ी समेत आसपास के गांव के लोग यहां काफी संख्या में जमा हो गए और मामले की सूचना वन अमले को दी गई। सूचना मिलते ही रेंजर और अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे, दयके बाद रेस्क्यू शुरू हुआ। कुएं के एक ओर से जेसीबी से खुदाई शुरू की गई। इस तरह करीब एक घंटे में कुएं को मिट्टी से पाटकर रास्ता बनाया गया। जिस पर चढ़कर हाथी शावक कुएं से बाहर आ गया और जंगल की ओर दौड़ कर भाग गया।

### झुंड से मिलाने का जारी है प्रयास

हाथी शावक जिस झुंड में आया था वह झुंड दूसरे रेंज में चला गया है। ऐसे में वन विभाग की टीम द्वारा उसे उसके झुंड से मिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए हाथी शावक पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है। ज्ञात हो कि कुएं में हाथी के शावक के गिरने की यह दूसरी घटना है। कुछ दिन पहले घरघोड़ा रेंज के चारमार बीट में हाथी शावक कुएं में गिर गया था। जिसका भी वन अमला ने रेस्क्यू कर उसे बाहर निकाला था और गुरुवार को फिर से दूसरी घटना सामने आई।

# जापान के अलावा किन दो देशों पर गिरे थे परमाणु बम? ये बात नहीं जानते होंगे आप



**टोक्यो।** जब कभी भी परमाणु बम का जिक्र होता है तो जापान के दो शहर हिरोशिमा और नागासाकी का नाम लिया जाता है, क्योंकि लोग जानते हैं कि जब इन दो शहरों पर बम गिरे थे तो मंजर कितना दर्दनाक था। चारों तरफ त्राहि -त्राहि मची हुई थी। यही वजह है कि भले दुश्मन देश आपस में परमाणु हमले की धमकी देते हों, लेकिन इस तरह की तबाही से हर कोई बचता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि परमाणु बम सिर्फ हिरोशिमा और नागासाकी पर ही नहीं, बल्कि दो अन्य देशों में भी गिराए गए थे। जिसके बारे में शायद ही कोई जानता हो।



## अमेरिका ने हमेशा इस हादसे को दबाने की कोशिश की

अब हवा में फ्लूल भरने के दौरान वो केसी-135 टैंकर से जुड़ने की कोशिश कर रहा था, तभी एक भयानक गलती हो गई और टैंकर व बमवर्षक विमान आपस में टकरा गए। आसमान में एक भयानक आग का गोला उठा और विमान का जलता हुआ मलबा धरती पर जा गिरा। इस दौरान स्पेन की धरती पर चार परमाणु बम गिरे थे, जो कि उसे तबाह कर सकते थे। इस हादसे को हमेशा अमेरिका दबाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन दो साल के बाद इसकी हकीकत सामने आई तो पता चला कि यह परमाणु बम हिरोशिमा पर गिराए गए बम की तुलना में 100 गुना ज्यादा विस्फोटक था। जहाजों की टक्कर के बाद तीन बम स्पेन के पालोमार्स गांव में गिरे थे और एक भूमध्य सागर में गिरा था। हालांकि, इससे परमाणु विस्फोट नहीं हुआ, लेकिन रेडिएशन फैल गया था।

## अमेरिका की गलती से तबाह हो जाता स्पेन

17 जनवरी 1966 को स्पेन को अंदाजा भी नहीं होगा कि अमेरिका की एक गलती पूरे यूरोप को तबाह कर सकती थी। स्पेन के आसमान में अमेरिका का बमवर्षक विमान अपने नियमित गश्त कर रहा था। इसका मकसद यूरोप के आसमान में अमेरिका की शक्ति का प्रदर्शन करना और उसकी प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखना था। अब कोई भी विमान 24 घंटे लगातार गश्त नहीं कर सकता है। उसको उड़ने के लिए फ्यूल की जरूरत होती है। अमेरिका का यह विमान उस वक्त परमाणु हथियारों से लैस था।




## दूसरा हादसा कहां हुआ था

इसी तरह से आज से करीब 57 साल पहले 1968 में ग्रीनलैंड की बर्फ में अमेरिका का बी-52 बमवर्षक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें चार परमाणु बम थे, जो कि वहां गिरे थे। इस घटना को ब्रोकन एरो कहा जाता है, जो कि एक अमेरकी सैन्य शब्द है। 21 जनवरी 1968 को अमेरिकी बी-52 जी स्ट्रेटोफोर्ट्रेस बमवर्षक विमान चार हाइड्रोजन बम लेकर जा रहा था। तभी वह ग्रीनलैंड के उत्तर पश्चिम कोने में वोल्स्टनहोल्म फजॉर्ड की समुद्री बर्फ पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दरअसल, विमान के केबिन में आग लग गई थी, इसीलिए चालक दल को विमान को खाली करने पर मजबूर होना पड़ा था। हालांकि, परमाणु बम फटे नहीं थे, लेकिन उस क्षेत्र में रेडिएशन फैल गई थी।

## ● रोचक खबरें

### 6 फीट की है लड़की, घुटनों तक आता है बॉयफ्रेंड, लोग उड़ाते हैं मजाक

**सिडनी।** कहते हैं कि प्यार, जाति, धर्म, समुदाय, ऊंच-नीच और उम्र नहीं देखता, पर एक विदेशी कपल को देखकर आपको लगेगा कि प्यार शायद हाइट भी नहीं देखता। दरअसल, इस कपल की हाइट में



करीब 4 फीट का फर्क है। लड़की 6 फीट की है, मगर उसका बॉयफ्रेंड सिर्फ उसके घुटनों तक आता है। दोनों एक -दूसरे से बहुत प्यार करते हैं मगर लोग उनका मजाक उड़ाते हैं और उनकी प्राइवेट लाइफ पर सवाल भी उठाते हैं। एक न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली सारा बटन इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। उनकी चर्चा का कारण है उनका अनोखा रिश्ता, जिसमें न सिर्फ उम्र का बड़ा अंतर है बल्कि कद का फासला भी चौंकाने वाला है। 26 वर्षीय सारा की लंबाई 6 फुट 2 इंच है, जबकि उनके प्रेमी गैब्रियल सिर्फ 2 फुट 11 इंच लंबे हैं और उम्र में सारा से 19 साल बड़े हैं। सामाजिक आलोचनाओं और लोगों की अजीब नज़रों के बावजूद, सारा और गैब्रियल का प्यार लगातार मज़बूत हो रहा है। वो भी तब, जब दोनों एक दूसरे से दूर रहते हैं। सारा जहां ऑस्ट्रेलिया में रहती हैं, वहीं गैब्रियल अमेरिका के लॉस एंजेलिस में रहते हैं। सारा ने स्वीकार किया कि उनका रिश्ता कई बार लोगों की गलत सोच का शिकार बनता है। उन्होंने कहा, "हमें लोगों को लोग अक्सर मजाक की तरह देखते हैं और फूहड़ बातें करते हैं, खासतौर पर हमारे कद के अंतर की वजह से, लेकिन गैब्रियल अपने जीवन में पूरी तरह सक्षम हैं- वे खुद गाड़ी चलाते हैं, काम करते हैं और मुझे एयरपोर्ट से लेने भी आते हैं।" हालांकि, सारा ने बेबाकी से बताया कि प्राइवेट लाइफ में उन्हें कुछ समझौते और बदलाव करने पड़ते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि ये किसी भी रिश्ते की मजबूती के आगे कुछ नहीं है।

### दूल्हे ने शादी में पहनी 1 करोड़ की माला, लोगों ने पकड़ा माथा

**नई दिल्ली।** आज के समय में भारतीय शादियां सिर्फ एक रस्म या पारिवारिक समारोह नहीं रहीं, बल्कि अब ये एक बड़ा आयोजन बन चुकी हैं। पहले लोग रीति-रिवाज और



सादगी से शादी करते थे, लेकिन अब चीजें काफी बदल गई हैं। आजकल लोग शादी में अपनी शान और पैसा दिखाने में ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। शादी की सजावट, कपड़े, गहने, खाने-पीने से लेकर दूल्हा-दुल्हन की एंट्री तक हर चीज़ में खास दिखने की होड़ मची रहती है। तो आज की इस खबर में हम आपको इसी वीडियो के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं। इन्हीं सब के बीच एक अनोखा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक दूल्हा नजर आ रहा है, जो 500-500 रुपए के नोटों से बनी बहुत लंबी माला पहने हुए दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि इस माला की कुल कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है। यह माला इतनी लंबी है कि वह ऊपर छत से शुरू होकर नीचे सड़क तक पहुंच रही है। माला को कई लोग नीचे से पकड़कर संभालते हुए नजर आ रहे हैं, ताकि वह जमीन पर न गिरे। वीडियो में दिख रहा है कि दूल्हा इस भारी-भरकम माला के साथ खड़ा है और लोग हैरानी से उसे देख रहे हैं। हालांकि यह अब तक साफ नहीं हो पाया है कि यह माला दूल्हे की तरफ से बनवाई गई है या दुल्हन के परिवार की ओर से भेंट की गई है।

### न गिराई सीमेंट, न चला फावड़ा, एआई ने 10 सेकंड में बना डाली पक्की सड़क

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हर दिन कुछ न कुछ ऐसा सामने आता है, जो लोगों को हैरान कर देता है। हाल ही में एक वीडियोने इंस्टाग्राम पर तहलका मचा दिया, जिसमें



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक कच्ची सड़क को महज 10 सेकंड में सीमेंट-कंक्रीट की पक्की सड़क में बदलते दिखाया गया। वीडियो में एक शख्स, जिसे ठेकेदार बताया जा रहा है, इस बदलाव को देखकर दंग रह जाता है और बल्ले-बल्ले करने लगता है। लेकिन, क्या यह वीडियो सचमुच एआई की ताकत दिखाता है, या यह एक और डिजिटल धोखा है? यह वीडियो, जो इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हुआ, एक कच्ची, धूल भरी सड़क को दिखाता है। अचानक, बिना किसी मजदूर, फावड़े या सीमेंट के मिश्रण के, सड़क कुछ ही सेकंड में चमकदार कंक्रीट की सड़क में बदल जाती है। वीडियो में एक शख्स, जिसे ठेकेदार के रूप में पेश किया गया है, इस चमत्कार को देखकर खुशी से उछल पड़ता है। वीडियो की सिनेमैटिक क्वालिटी और तेज बदलाव ने इसे लाखों व्यूज दिलाए और यूजर्स इसे एआई की क्रांतिकारी ताकत का उदाहरण मान रहे हैं। हालांकि, यह वीडियो देखने में जादुई लगता है, विशेषज्ञों और तथ्य-जांचकर्ताओं ने इसे एआई-जनित फर्जी वीडियो करार दिया है।

# 7305 दिनों से ग्रहों की स्टडी, ढूंढ निकाली नई दुनिया...क्या पृथ्वी के बाहर भी है जीवन?

**वॉशिंगटन।** पृथ्वी के बाहर जीवन की खोज आज के खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान का एक बड़ा मकसद है। अमेरिका इस दिशा में कई ताकतवर दूरबीनों और स्पेसशिप का निर्माण कर रहा है। लेकिन, अगर हमें किसी ग्रह पर जीवन का कोई संकेत (जिसे बायोसिग्नेचर कहा जाता है) मिले, तो उसे सही तरह से समझना आसान नहीं होगा। यह जानना भी मुश्किल है कि आखिर हमें कहां देखना चाहिए? हालांकि, इसके बारे में खगोलभौतिकीविद् और खगोलजीवविज्ञानी पिछले 20 सालों से सौरमंडल से बाहर के ग्रहों का स्टडी कर रहा है। इस खोज में उनके साथियों ने भी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने मिलकर एक नया तरीका विकसित किया है, जिससे हम यह पहचान सकते हैं कि कौन-से ग्रह या चंद्रमा जीवन के लिए सबसे मुनासिब हो सकते हैं या नहीं। यह तरीका पृथ्वी पर जीवन की सीमाओं के स्टडी पर आधारित है।



### पृथ्वी से बाहर जीवन की खोज

*क्या कोई एलियन दुनिया रहने के काबिल हो सकती है? 'रहने योग्य' यानी वह जगह जहां जिंदगी टिक सके। लेकिन, सवाल है कि कौन-सी हालात किसी एलियन जीवन के लिए सही होंगी? क्या परग्रही सूक्ष्म जीव बहुत तेज़ाबीय झीलों, बहुत ठंडी मीथेन की नदियों या वीनस के बादलों में रह सकते हैं? जबकि, अब तक नासा का सरल सिद्धांत रहा है कि 'जहां पानी है, वहां जीवन की संभावना है।' क्योंकि ,पृथ्वी पर पाए जाने वाले सभी जीवों को पानी चाहिए होता है।*

### दूसरे ग्रहों के बारे में जानकारी है सीमित

*एस्ट्रोनॉमी पृथ्वी पर पाए जाने वाले सबसे कठिन परिस्थितियों में जीने वाले जीवों का डेटा इकट्ठा किया। जैसे बर्फीले इलाके, गरम पानी के सोते और गहरे समुद्र के जीव. फिर हमने मॉडल से यह जांचा कि क्या ये जीव मंगल की सतह के नीचे या यूरोपा ( बृहस्पति का एक बर्फीला चंद्रमा ) जैसे चंद्रमा के समुद्र में जिंदा रह सकते हैं। यह तरीका अभी पूरी तरह से सभी पोषक तत्वों या जीवन के इफेक्ट्स को नहीं शामिल करता, लेकिन यह जानबूझकर आसान रखा गया है, क्योंकि दूसरे ग्रहों के बारे में हमारी जानकारी अभी भी सीमित है।*


### इस तरीके के हैं दो अहम पहलू

*एरिजोना यूनिवर्सिटी में अनुसंधान के एसोसिएट डीन और खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर डैनियल अपाई ने कहा कि हम हम यह पूछ रहे हैं कि 'यह जगह जीवन के लिए अनुकूल है या नहीं?' बल्कि यह कि 'यह जगह किसी खास जीव के लिए सही है या नहीं?' जैसे- ऊंचाई पर रहने वाले कीड़े या समुद्र की गहराई में रहने वाले सूक्ष्म जीवों। यह तरीका सफेद या काले यानी हां या ना में जवाब नहीं देता। यह संभावनाओं पर काम करता है।*

### जीवन की खोज के लिए नई दूरबीनें

*खगोलविद तेजी से ताकत वर स्पेस दूरबीनों के लिए प्लान और तकनीक विकसित कर रहे हैं, मिसाल के तौर पर नासा अपने प्रस्तावित हैबिटेबल वर्ल्ड्स ऑब्जर्वेटरी पर काम कर रहा है, जो अल्ट्राशार्प तस्वीरें लेगा जो सीधे आस-पास के तारों की परिक्रमा करने वाले ग्रहों को दिखाएगा। इसमें एक अन्य कॉन्सेप्ट में नॉटिलस स्पेस दूरबीन तारामंडल, विकसित कर रहे हैं, जिसे पृथ्वी जैसे संभावित सैकड़ों ग्रहों का स्टडी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। खासतौर पर जब वे अपने मेजबान तारों के सामने से गुजरते हैं। इन और फ्यूचर की अन्य दूरबीनों का मकसद ज्यादा विदेशी दुनियाओं के अधिक संवेदनशील अध्ययन प्रदान करना है। उनके विकास से दो अहम सवाल उठते हैं। पहला 'कहां देखें?' और टक्या वे वातावरण जहां हमें लगता है कि हम जीवन के संकेत देखते हैं, वास्तव में रहने योग्य हैं?' अप्रैल 2025 में घोषित बाह्यग्रह के2-18बी में जीवन के संभावित संकेतों के बारे में जरूरत से ज्यादा विवादित दावे किए तथा शुक्र ग्रह पर पहले किए गए इसी प्रकार के दावे, यह दर्शाते हैं कि रिमोट सेंसिंग डेटा से जीवन की मौजूदगी की निर्णायक रूप से पहचान करना कितना कठिन है।*

## अब देख सकेंगे अपने सपने दोबारा!



**टोक्यो।** बहुत लोगों के मन में यह रहता है कि वह सुबह आंख खुलते ही सबसे पहले अपना सपना किसी को बताएंगे, लेकिन अक्सर इन्हें याद रखना भी बड़ी चुनौती होता है। इसके लिए जापान के वैज्ञानिकों ने एक अनोखा उपकरण बनाया है जो आपके सपनों को रिकॉर्ड करेगा। इतना ही नहीं, यह आपके सपनों को प्लेबैक भी करेगा। जापानी शोधकर्ताओं ने एक क्रांतिकारी उपकरण तैयार किया है जो ना सिर्फ आपके सपनों को रिकॉर्ड करेगा, बल्कि आप आपके देखने के लिए वह आपको सपनों को प्लेबैक भी करेगा। यह मशीन आपके सपनों को किसी फिल्म की तरह चलाने में मदद करेगी। सपनों को रिकॉर्ड करने वाली यह डिवाइस विस्तृत तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड करने के लिए कार्यात्मक चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग का इस्तेमाल करती है। क्योटो में एटीआर कम्प्यूटेशनल न्यूरोसाइंस प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों ने यह अध्ययन किया है।

### सपनों का डाटाबेस

प्रोफेसर युकियासु कामितानी ने बताया कि हम नींद के दौरान दिमाग की गतिविधि से देखे गए सपनों को सामने प्रकट करने में सक्षम थे। वैज्ञानिकों ने 60 प्रतिशत की सटीकता के साथ देखे गए सपनों की सही भविष्यवीणी करने में सफलता हासिल की। यह उपलब्धि दिमाग में चलने वाली गतिविधियों का इस्तेमाल करके सपने के कुछ पहलुओं को डिकोड करने की क्षमता को दिखाती है।

## शुभांशु शुक्ला का ऐतिहासिक मिशन टला

**वॉशिंगटन।** भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (**ISS**) की यात्रा पर जाने वाले हैं। वे एक्सिओम स्पेस के चौथे व्यावसायिक मिशन का हिस्सा हैं, जो अब 10 जून को लॉन्च होगा। यह मिशन पहले तय समय से कुछ दिन आगे खिसकाया गया है। लॉन्च अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसX के फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए किया जाएगा।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि.नं. 1721362 कार्यालय नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कूलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोक्लियर एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
टेम्पल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन
एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन
एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
फोन : 0771-2536521

अहलूवालिया हॉस्पिटल
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
Dental & Cosmetic Treatments

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास
डॉ. नमित नंदे
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.)

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77770-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130


MARUTI SUZUKI
NEXA
WHERE'S YOUR INSPIRATION TAKING YOU NEXT?
Drive home your favourite NEXA car and explore new horizons.
CREATE. INSPIRE.
IGNIS
FRONX
JIMNY
INVICTO
GRAND VITARA
XL6
BALENO
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
CONSUMER OFFERS OF UP TO ₹1 00 000#
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 470#
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at 1800-200-[6392] 1800-102-[6392]
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. #Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. *3 years or 100 000 km – whichever is earlier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 30th June 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper.

## चिंतन

# भगदड़ के गुनहगारों को कड़ी सजा मिले

जीत के जश्न ने गहरा जख्म दे दिया है, उन 11 परिवारों को, जिनके वे अपने कभी लौट कर नहीं आएंगे, जिनकी भगदड़ में मौत हो गई। अब चाहे कर्नाटक सरकार, आयोजक, आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) प्रबंधन और पुलिस प्रशासन जो भी तर्क दें, दलील दें, सफाई दें, लेकिन जिनकी जान गई है, उनके परिवारों की भरपाई नहीं की सकती है। आईपीएल के 18 वर्ष की यात्रा में आरसीबी की पहली ट्रॉफी जीत का जश्न मनाने के लिए फाइनल के अगले दिन ही बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित करने की जल्दबाजी राज्य के कांग्रेस नेताओं की उस राजनीतिक तत्परता को दिखाती है, जिसमें श्रेय लेने व पब्लिक सेंटिमेंट के माहौल का सियासी फायदा उठाने की कुत्सित भावना होती है। कायदे से विवेचित किया जाए तो, कर्नाटक सरकार, पुलिस प्रशासन से लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) व आरसीबी प्रबंधन तक सभी इस भगदड़ के लिए बराबर के जिम्मेदार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निहायत ही निजी प्रतियोगिता है, इसका सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। यह बीसीसीआई का पेशेवर लीग है, जिसमें सबकुछ क्रय-विक्रय के आधार पर तय है। आरसीबी की जीत न कर्नाटक राज्य की जीत है, न कांग्रेस की जीत है, न कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) की जीत है व न ही कर्नाटक की जनता की विजय है, केवल और केवल आरसीबी टीम व उसके पीछे लगे निवेशकों की जीत है, फिर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के पदेन लोग किस हैसियत से जीत के जश्न में शामिल हो रहे थे? सरकार ने जनसुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं की? जश्न मनाने की इतनी जल्दबाजी क्यों थी? आरसीबी प्रबंधन ने संभावित खतरे को क्यों नहीं भांपा? प्रशंसक ही किसी खेल और टीम के उत्साह को बढ़ाते हैं, तो टीम प्रबंधन ने प्रशंसकों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किया? बेंगलुरु में भगदड़ घटना के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार कर्नाटक की मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सरकार और बेंगलुरु के पुलिस प्रशासन हैं, जिसने भीड़ की सुरक्षा के सभी नियमों को ताक पर रखकर ऐसे कार्यक्रम को होने दिया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से मौत और घायल होने के मामले में कारणों की स्थिति रिपोर्ट पेश करने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया है। अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेने के बाद राज्य को नोटिस जारी करके 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया है। बेंगलुरु में क्यूब्बन पार्क पुलिस स्टेशन ने आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) प्रशासनिक समिति और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों पर संबंधित कानूनी प्रावधानों की धारा 105, 125(1)(2), 132, 121/1, 190 और 3(5) के तहत आपराधिक लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की ईमानदारी से जांच होनी चाहिए और घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। यह स्वाभाविक हादसा नहीं है, बल्कि मानव नियोजित हादसा है, जिससे बचा जा सकता था। जश्न मनाने का तरीका केवल पब्लिक गेदरिंग ही नहीं है। जश्न के बहाने राजनीति साधने की मंशा भी गलत है। सभी सबक लें। जन सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध हो। प्रशसंकों और नागरिकों का भी अपना विवेक होना चाहिए कि वे अपनी जान जोखिम में डाल कर भीड़ का हिस्सा न बनें।

## मंथन

विकेश कुमार बडोला



# बदलनी होगी मानवनिर्मित आपदाओं की मानसिकता

अधिक जनसंख्या का भिन्न-भिन्न आधारों पर समर्थन करने वाले लोगों के लिए बेंगुलरू में भगदड़ में 11 लोगों की मृत्यु पुनः यही संदेश प्रसारित कर रही है कि अधि जनसंख्या कभी भी कल्याणकारी नहीं होती है। आईपीएल की अंतिम व निर्णायक प्रतियोगिता में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की विजय का उत्सव मनाने चिन्नास्वामी स्टेडियम के समीप अत्यधिक संख्या में एकत्र समर्थकों द्वारा उत्पन्न भगदड़ में मरे, घायल व सार्वजनिक अशांति के कारक भीड़ में जीवित लोगों की मानसिकता पर सच कहूं तो उनके प्रति मानवीय संवेदना नहीं है। यह कैसा उत्सवी आयोजन है! यह क्या मूर्खता है! जिनकी विजयी हुई है वे खिलाड़ी, खिलाड़ियों के स्वामी, खेल के साथ व्यावसायिक व अन्य कारणों से जुड़ी हुईं सभी इकाइयां और समूह सभी सुरक्षित हैं। वे क्रिकेट-क्रीड़ा में प्राप्त विजय और अर्जित धन-संसाधन से हर्षोल्लासित हैं। उन्हें कोई व किसी प्रकार की शारीरिक, आर्थिक, व्यावसायिक तथा अन्य हानि नहीं हुई है। तो साधारण व्यक्तियों के पास सार्वजनिक रूप में विशाल संख्या के साथ एकत्र होकर इतनी उत्सवी अधीरता दिखाने का क्या मूर्खतापूर्ण विचार है, जो उन्हें इतना सोचने का समय भी नहीं देता कि इससे अंततः उनमें से कुछ को मृत्यु और कायिक घावों के अतिरिक्त क्या मिला। दुनिया के अनेक युद्धों, प्राकृतिक विपदाओं, आपदाओं, बाढ़, अतिवृष्टि में प्रतिदिन हजारों लोग मर रहे हैं। अपने देश को उदाहरण स्वरूप सम्मुख रख देखें और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के आतंकी हमले में दिवंगत 26 व्यक्तियों की मृत्यु को एक मानक बनाकर चलें तो तब से लेकर अब तक भारत में आतंकी हमलों, पाक सेना के थल व वायु सैन्य हमलों, प्राकृतिक आपदाओं, बिजली गिरने, विषैली मदिरा के पान, सड़क दुर्घटनाओं, कोरोना रोग, हत्या, आत्महत्या, कुपोषण, रोग, बेंगलुरू की भगदड़ तथा अन्य कारणों से हजारों लोग मर चुके हैं। वास्तव में यही विज्ञान एवं आधुनिकता का अभिशापित पक्ष है। इस पक्ष की विसंगतियों में वृद्धि होते ही लोगों के जीवन पर सीधे-सीधे मानव निर्मित मृत्यु का संकट मंडराने लगता है। प्रत्यक्ष दोष विज्ञान एवं आधुनिकता का भी नहीं है। दोष है मानवीय अज्ञानता, अविवेक, अधीरता, असंतोष से भरे हुए अहंकार एवं स्वार्थ का। दोषी है स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझने वाला मानवीय स्वभाव। जब देश-दुनिया के सार्वजनिक जीवन में अहंकार के प्रदर्शन में वृद्धि होगी तथा नम्रता व विनम्रता के नेतृत्व में संचालित मानवीयता के समग्र सकारात्मक पक्षों, सद्गुणों एवं सदप्रवृत्तियों में तीव्र कमी होगी, तो किंचित ऐसा ही विघटन होगा। दुनिया की वर्त स्थितियों-परिस्थितियों को देखने का यह एक एकल दृष्टिकोण है। यह दृष्टिदर्शन केवल पृथ्वी के मानवीय अस्तित्व के साथ जुड़कर सार्वजनिक घटन-विघटन, अच्छाई-बुराई, घटना-दुर्घटना और लाभ-हानि का आकलन करता है। जबकि पृथ्वी पर ऐसा होने-घटने के आधारभूत कारक ब्रह्माण्ड की किसी पारिस्थितिकीय शक्ति से जुड़े होते हैं। जो ऐसा मानते हैं, वे धर्मभीरू हैं और ईश्वर के अस्तित्व के समक्ष हर संभव उच्च भाव के साथ नतमस्तक अवस्था में होते हैं। विभिन्न प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदायें होने-घटने की योजनायें मानवीय कर्मों के आधार पर पूर्वनिर्धारित हैं। इन्हें कोई व कैसा भी भौतिक विज्ञान रोक नहीं सकता है। प्रकृतिजन्य एवं मनुष्यजन्य आपदाओं की निरंतर वृद्धि ने सिद्ध कर दिया है कि अधिक जनसंख्या यदि मानवीय दुर्गुणों से युक्त होगी, तो वह बैठे-बिठाये ही मनुष्यनिर्मित आपदाएं उत्पन्न करने का कारक बनेगी। हमें मानवनिर्मित आपदाओं में प्राण गंवाने वालों के स्थान पर स्वयं और अपने प्रियजनों को रखकर विचार करना चाहिए कि यदि हम या हमारे प्रियजन ऐसे यूं प्राण गंवाते और देश के जीवित प्रतिष्ठित, विशिष्ट व साधारण जन हमारी दुःखद मृत्यु की उपेक्षा कर हमें भूल जाते तो फिर हमारे होने या न होने का क्या मूल्य होता। देश को प्रयास करने होंगे कि लोग सर्वप्रथम अपने भौतिक-कायिक अस्तित्व का मूल्य समझें। शासन-प्रशासन को भी साधारण लोगों के अस्तित्व को विशिष्ट मान उसकी सुरक्षा के नवीन कार्यक्रम बनाकर उनका दैनिक कठोर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। अब यह लोकतांत्रिक धारणा भी प्रस्थापित करनी होगी कि जब तक साधारण व्यक्ति को मानसिक-शारीरिक रूप से उच्च सुरक्षा प्रदान नहीं की जायेगी, तब तक विशिष्ट व्यक्तियों की विशिष्टता और बौद्धिकता का कोई व कुछ भी मूल्य नहीं होगा। चाहे जो हो, शासन को मानवनिर्मित आपदाओं की सबसे बड़ी कारक सार्वजनिक अविवेकी मानसकिता में निरंतर सकारात्मक व विवेकपूर्ण परिवर्तन लाना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

# अस्थिर बांग्लादेश भारत के लिए चुनौती

भारत के पड़ोस में स्थित बांग्लादेश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। यह राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं और भारत देश के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

भाषा, सांस्कृतिक अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, शिक्षा, मानवाधिकार और लोकतंत्र की बुनियाद पर टिके बांग्लादेश का भविष्य कट्टरपंथ के अंधेरे में घिरता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के पड़ोस में स्थित यह देश अब कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी की पूरी गिरफ्त में आ चुका है। जमात-ए-इस्लामी राजनीतिक दल से कहीं ज्यादा इस्लामिक मूल्यों पर आधारित एक वैचारिक संगठन है जो समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी सेवाओं को पहुंचाकर व्यापक प्रभाव कायम कर चुका है। बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना के बांग्ला प्रथम पर आधारित धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान को ख़ारिज कर इस्लामिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्र का निर्माण का ख्वाब देखने वाली जमात-ए-इस्लामी के लिए बांग्लादेश की राजनीति का यह अस्थिर दौर वरदान बन गया है। अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और देश की न्यायपालिका के जमात-ए-इस्लामी को मजबूत करने वाले फैसलों से बांग्लादेश की विविधता के खत्म होने की आशंका गहरा गई है।

दरअसल जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान से बांग्लादेश के अलग होने का विरोध करती रही है और यही कारण है कि एक राजनीतिक दल के रूप में इसके प्रभाव को रोकने के लिए इसे वैधानिक रूप से प्रतिबंधित रखा गया था। अब बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जमात-ए-इस्लामी पर से वह प्रतिबन्ध हटाने के साथ ही यह सुनिश्चित हो गया है कि आगामी आम चुनावों में यह कट्टरपंथी दल एक मजबूत दावेदार के रूप में भागीदारी करेगा और यह स्थिति बांग्लादेश के साथ ही भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा का संकट बढ़ा सकती है। जमात-ए-इस्लामी के उद्देश्य बेहद स्पष्ट हैं, पाकिस्तान से मजबूत संबंध तथा बांग्लादेश में इस्लामिक मूल्यों पर आधारित व्यवस्था की स्थापना करना। इस संगठन के कई सहयोगी उप-संगठन हैं, जो विभिन्न सामाजिक, छात्र, महिला और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। ये उप-संगठन अक्सर जमात की विचारधारा को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। जमात-ए-इस्लामी की राजनीतिक विचारधारा इस्लामी धार्मिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसके संस्थापक नेता अबुल-अला-मौदूदी इस्लामी सरकार और शरिया क़ानून की वकालत करते थे। ऐसा माना जाता है कि जमात-ए-इस्लामी के सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों से देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों, सेना और प्रशासन में इसकी पैठ है। इसका फायदा राजनीतिक परिणामों में जनसमर्थन के रूप में व्यापक रूप से देखने को मिल सकता है। 1971 में बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आने के बाद धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को लेकर यह देश हमेशा आलोचना में रहा है। हालांकि शेख हसीना के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने की कोशिशों को व्यापक सफलता मिली थी। इन सबके बीच जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों ने देश में हिन्दू, बौद्ध और ईसाईयों को निशाना भी बनाया है। जमात-ए-इस्लामी को कुछ कट्टरपंथी और आतंकी संगठनों का भी समर्थन हासिल रहा है जिसमें जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश या जेएमबी तथा हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी बांग्लादेश या हूजी प्रमुख हैं। हूजी का पाकिस्तान से गहरा संबंध है, इसका गठन 17 बांग्लादेशी



मुजाहिदीन द्वारा किया गया था, जो कथित तौर पर अल-कायदा से वित्तीय मदद लेकर अफगानिस्तान से लौटे थे। हूजी का उद्देश्य युद्ध छेड़कर और प्रगतिशील बुद्धिजीवियों की हत्या करके देश में इस्लामी शासन स्थापित करना है। यह ओसामा बिन लादेन और तालिबान से प्रेरणा लेता है। एक समय में, इसने एक नारा जारी किया था, अमरा सोबाई होबो तालिबान, बांग्ला होबे अफगानिस्तान अर्थात हम सभी तालिबान बनेंगे और हम बांग्लादेश को अफगानिस्तान में बदल देंगे। भारत के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी 2007-2008 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत में आतंकवादी हमलों में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और बांग्लादेश स्थित हूजी की भूमिका को स्पष्ट किया था।

इन तीनों संगठनों से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। हूजी के पूर्वोत्तर के राज्यों के कई अलगाववादी संगठनों से संबंध रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी हूजी के भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, चेचन्या, उज्बेकिस्तान, मयांमार, बांग्लादेश, ईरान, मलेशिया, फिजी, आयरलैंड, यूके, यूएस, फिलीपींस, पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक आतंकी समूहों से सम्बन्ध सामने आये हैं। जनवरी 2009 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना का कार्यकाल रहा था। उनके 15 साल के प्रधानमंत्रित्व काल में कट्टरपंथी और आतंकी समूहों पर लगाम लगाई गई जिसका फायदा भारत को भी लगातार मिला। इस समय भारत और पाकिस्तान के सम्बन्ध बेहद खराब है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर तनाव है। कूटनीतिक और सामरिक मोर्चों पर भारत को चीन की नित नई चुनौतियां मिल रही हैं।

बांग्लादेश के अंतरिम नेता मोहम्मद यूनुस भारत विरोधी ताकतों से लगातार हाथ मिला रहे हैं। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सीमाएं सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील मानी जाती हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में इस समूचे क्षेत्र में भारत विरोधी शक्तियों को न केवल सख्ती से रोक दिया गया था बल्कि उन पर कड़ी कार्रवाई भी की गई थी। लेकिन अब स्थितियां पूरी तरीके से बदल चुकी हैं। मुहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान और चीन के साथ मिलकर भारत को सामरिक रूप से चुनौती देने वाले कई कार्य किए हैं। भारत बांग्लादेश में किसी लोकप्रिय सरकार के सत्ता में आने का इंतजार कर रहा है जिससे दोनों देशों के संबंध सामान्य और मजबूत हो सकें। वहीं बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों का प्रभाव बेहद बढ़ा हुआ दिखाई दे रहा है जो भारत विरोध के रूप में बार-बार सामने आ रहा है। जमात-ए-इस्लामी पर से प्रतिबन्ध हटने से भारत विरोध और अल्पसंख्यकों पर अत्यचारों में तीव्रता आ सकती है। बांग्लादेश में इस समय जिस तरह से अस्थिर और अप्रत्याशित राजनीतिक हालात बन गये हैं, उससे शेख हसीना की अवामी लीग का सत्ता में लौटना मुमकिन नहीं लगता।

अपदस्थ बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आपराधिक मुकदमें दर्ज कर उनकी पार्टी अवामी लीग को भी अप्रासंगिक बना दिए जाने की सरकारी कोशिशें अंतरिम सरकार के द्वारा लगातार की जा रही हैं। स्वाभाविक तौर पर इसका फायदा जमात-ए-इस्लामी को मिल सकता है। आम चुनावों में जमात-ए-इस्लामी सत्ता में आ सकती है या सत्ता में मजबूत भागीदार हो सकती है। इन दोनों संभावनाओं में बांग्लादेश को संविधानिक परिवर्तनों से गुजरने की आशंकाएं बढ़ सकती हैं जो अंततः इस देश को तालिबान आधारित सत्ता की ओर धकेल देगी। जाहिर है कि राजनीतिक बदलाव के बाद बांग्लादेश में अनिश्चितताएं लगातार बढ़ी हैं, भारत के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# रिलेशनशिप को स्ट्रांग रखने इन बातों की गांठ बांधे



संकलित

## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं




संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादी नहीं, ठगी का धंधा

भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है, जहां दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है : 'अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी।' हिसार पुलिस ने हाल ही में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो विवाह के नाम पर लोगों को ठगने का कारोबार चला रहा था। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*- निर्मल अवस्थी, कांकेर*

## करंट अफेयर

# वियतनाम ने दो बच्चों की नीति को किया खत्म

वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम की सरकारी समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं। वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई है : 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे अपने छह वर्षीय बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।



## ऑफ बीट

# संतान को पालने मजबूत साझेदार बनाते हैं पक्षी

कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोंसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं। छोटे आकार की इस चिड़िया की सबसे लंबी साझेदारी 15 साल दर्ज की गई है। हालांकि, इन वार्बलर के लिए भी पारिवारिक जीवन हमेशा सही नहीं होता। सभी वार्बलर जोड़ों में से, लगभग सात में से एक (14 प्रतिशत) अलग हो जाते हैं। इन मामलों में, माता-पिता में से एक अपना क्षेत्र छोड़ देता है और अन्यत्र नया साथी ढूंढ़ता है, जबकि उनके मूल घोंसले में अब भी अंडा या नवजात बच्चा मौजूद होता है। हमने उन पक्षियों के बच्चों के तनाव के स्तर को मापा जो अपने माता-पिता के रिश्ते के खत्म होने से ठीक पहले पैदा हुए थे।



## ट्रेंड

### सिंदूर का पौधा

साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल कच्छ की वीरांगनाओं ने हाल ही में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज मुझे उस पौधे को नई दिल्ली के प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### पर्यावरण सुरक्षा जरूरी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर आज पूरी दुनिया मे चिंता है। पर्यावरण बचेगा, जंगल, पेड़-पौधे, नदियां बचे रहेंगे तो मानव जीवन भी संरक्षित रहेगा। झारखण्ड के नाम से ही एक चित्र आंखों के सामने आता है कि जंगल, नदी, पहाड़ से भरा यह राज्य है।

**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखण्ड**



### पर्यावरण संरक्षण की शपथ

पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने और पर्यावरण के अनुकूल, टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की सामूहिक शपथ ली। आइए प्रदूषण को कम करने और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों। हर कार्य मायने रखता है।

**- एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्रप्रदेश**



### प्राकृतिक उत्पादों का चयन

प्लास्टिक का बुद्धिमानी से उपयोग व टिकाऊ, प्राकृतिक उत्पादों का चयन करना चाहिए। अगर हम प्लास्टिक का दोबारा उपयोग करने या उसे नकारने का संकल्प लें, तो दुनिया एक बेहतर जगह बन जाएगी।

**- श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा

हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

## मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही,



निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।

## बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

## रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



## बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों



और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।

## बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर



फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

## हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड



लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *

# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल और निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर



देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी



प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।

**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

## हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमुर भी करते हैं एस्टिवेशन

**पक्षियों में** हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *





**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़



अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।

अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता
राकेश चक्र



## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?




बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोबेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।




**उत्तर:** 1.डॉगी की पूंछ हिल रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना के दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A



# जम्मू और कश्मीर में प्रगति का नया दौर






## लगभग ₹44,000 करोड़
### की रेल परियोजनाओं का उपहार

## चिनाब ब्रिज
### (दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)

- 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज

## अंजी ब्रिज
### (भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)

- 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
- 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स

**का उद्घाटन**

## उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना

- जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
- कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं

**का राष्ट्र को समर्पण**

## 2 वंदे भारत ट्रेनों
### श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर एवं श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा

- श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
- पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
- कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव

**का शुभारंभ**

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री
के द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री

**वी. सोमन्ना**
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह**
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष

**उमर अब्दुल्ला**
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**सुरिंदर कुमार चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**जुगल किशोर**
सांसद (लोकसभा) जम्मू

**आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी**
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर

**गुलाम अली**
सांसद (राज्यसभा)

**शुक्रवार, 6 जून, 2025 | प्रातः 11:00 बजे | श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)**

# भारतीय रेल

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें

www.indianrailways.gov.in

/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें

# 'हम अपने बारे में ये कह सकते हैं, हमने किसी को मध्यस्थता करने नहीं कहा'

## भारत-पाक सीजफायर पर ट्रंप के दावे के बाद मचा है बवाल

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी के 'नरेंदर, सरेंडर' वाले बयान पर अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर की एंट्री हो चुकी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के आउटरिच मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। थरूर अपनी टीम के साथ इस वक्त वाशिंगटन डीसी में हैं। इस दौरान थरूर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया दी।

थरूर से मीडिया ने पूछा कि भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप की कथित मध्यस्थता की कोशिशों का मुद्दा लगातार उठ रहा है। इस महिला पत्रकार ने कहा कि यह एक ऐसा सवाल है जिस पर आपकी पार्टी लगातार प्रश्न पूछ रही है। कल ही आपकी पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया? शशि थरूर ने इस सवाल के जवाब में कहा कि हमारे मन में अमेरिका के राष्ट्रपति पद के प्रति प्रेम है, हम अमेरिका के राष्ट्रपति का सम्मान करते हैं, हम अपने बारे ये कह सकते हैं कि हमने विशेषकर किसी को मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहा।

**किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है**

ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिका के गए भारत के आउटरिच मिशन की अगुआई कर रहे थरूर ने इस मसले पर भारत के रूख को स्पष्ट करते हुए साफ-साफ कहा कि जैसा मैंने कहा जब तक पाकिस्तान आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करता रहेगा, हमें पाकिस्तानियों के साथ वही भाषा बोलने में कोई परेशानी नहीं है। हम ताकत की भाषा का इस्तेमाल करेंगे, और इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। वहीं अगर दूसरी ओर अगर वे आतंकवाद के ढांचे को नष्ट करना चाहते हैं, हम उनसे बात कर सकते हैं, अगर वे गंभीर कदम उठाते हैं और ऐसा दिखाते हैं कि पाकिस्तान भारत के साथ सामान्य रिश्ते रखना चाहता है तो हम निश्चित रूप से बात करने को तैयार हैं और इसके लिए हमें किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं होगी।



थरूर ने कहा कि किसी भी स्थिति में भारत को रुकने के लिए मनाने की जरूरत नहीं थी। किसी को हमें रुकने के लिए कहने की जरूरत नहीं थी क्योंकि हम उन्हें बता रहे थे कि जैसे ही पाकिस्तान रुकेगा, हम रुकने के लिए तैयार हैं। इसलिए अगर उन्होंने बदले में पाकिस्तानियों से कहा कि बेहतर होगा कि आप रुक जाएं क्योंकि भारतीय रुकने के लिए तैयार हैं और उन्होंने ऐसा ही किया। और यह उनकी ओर से एक बढ़िया इशारा है, लेकिन सिर्फ पाकिस्तान और वही बता सकते हैं कि आखिरकार हुआ क्या था। थरूर ने कहा कि भारत ने जो भी बात की सकारात्मक सोच के साथ की। उन्होंने कहा कि हमारे मन में अमेरिका के लिए बहुत सम्मान है, हमारी अमेरिका के साथ कहीं ज्यादा अहम रणनीतिक साझेदारी है। इसे हम एक मसले को लेकर क्या बात हुई उस पर इस रिश्ते को संकट में डालना नहीं चाहेंगे।

**वही बता सकते हैं कि आखिरकार हुआ क्या था?**

### यह कहा था राहुल ने



राहुल गांधी 3 जून को भोपाल में थे। उन्होंने वहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि मैं बीजेपी और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं। इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा कि उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदी जी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर. और 'जी हुजूर' कर के मोदी जी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। बता दें, पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जो 10 मार्च तक चला। जिसके बाद पाकिस्तान के अनुरोध पर भारत ने युद्धविराम की बात मान ली थी।

---

### खबर संक्षेप

#### पनोली को मिली जमानत लेकिन देश छोड़ने पर रोक



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। 22 वर्षीय लॉ स्टूडेंट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को सशर्त अंतरिम जमानत को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने शर्मिष्ठा के देश छोड़ने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। दरअसल, शर्मिष्ठा ने वीडियो में अभिनेताओं की आलोचना की थी, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। इस दौरान उन्होंने समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द कहे थे।

#### अफगान, म्यांमार, ईरान सहित 12 देशों के लोगों की अमेरिका में एंट्री बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई घोषणा (प्रोक्लेमेशन) पर हस्ताक्षर किए हैं,



जिसके तहत उन्होंने 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इसके साथ ही 7 अन्य देशों से आने वाले लोगों पर आंशिक पाबंदियां लगाई गई हैं। ट्रंप ने ये कदम अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए उठाया है।

#### टीएमसी सांसद महुआ ने जर्मनी में की शादी



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने जर्मनी में शादी कर ली है। उन्होंने एक निजी समारोह में बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद पिनाकी मिश्रा से शादी की। महुआ ने तीन मई को पिनाकी संग शादी की। पिनाकी बीजू जनता दल से चार बार सांसद रह चुके हैं। वह पहली बार 1996 में सांसद चुने गए थे। इसके बाद 2009 से 2019 तक सांसद रहे। महुआ और पिनाकी की शादी की तस्वीर वायरल है।

---

### आईएसआई प्लानंड ऑपरेशन को दे रहा अंजाम, जांच एजेंसियों ने बताई क्रोनोलॉजी

# ज्योति-जसबीर का पूरा खेल... पहले पार्टी फिर पाक का वीजा और आखिर में जासूसी

*ज्योति मल्होत्रा और जसबीर सिंह दो ऐसे यूट्यूबर्स हैं जिन पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप लगा है। अभी तक तो सिर्फ सोशल मीडिया पर दोनों के कुछ संदिग्ध वीडियो वायरल हुए थे, लेकिन अब जांच एजेंसियां एक-एक कर बड़े खुलासे कर रही हैं, बाकायदा क्रोनोलॉजी बताई जा रही है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूरा खेल समझ आ रहा है कि आखिर कैसे भारत में बैठकर पाकिस्तान के पक्ष में सोशल मीडिया के जरिए माहौल बनाने की कोशिश हो रही है। एक अखबार से इस बारे में एक सीनियर अधिकारी ने बड़ी बात कही है। उनका कहना है कि यूट्यूब चैनल चलाने वाली हिसार की ज्योति और रोपर का जसबीर कोई अकेले नहीं हैं, ये आईएसआई का एक प्लानंड ऑपरेशन है जिसके जरिए ना सिर्फ जरूरी जानकारी इकट्ठा की जा रही है बल्कि प्रोपेगेंडा भी फैलाया जा रहा है। जब से इस पूरे नेटवर्क के बारे में खुलासा हुआ उसके बाद ही पाकिस्तान हाई कमिशन के दो स्टाफ मेंबर्स को वापस भेज दिया गया है। उसके बाद इन यूट्यूबर्स की गिरफ्तारी हुई है।

**खास बातें**

- सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स का कर रहा इस्तेमाल
- जरूरी जानकारी इकट्ठा करने के साथ ही फैलाया जा रहा है प्रोपेगेंडा भी




#### तीन चरण में जासूसी

एक अधिकारी ने इस बारे में कहा है कि आईएसआई कई टूल्स का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के पास पहुंचने की कोशिश कर रहा है, बड़ी बात ये है कि अभी ये लोग सिर्फ पंजाब पर फोकस नहीं कर रहे हैं बल्कि पूरे देश में ऐसे लोगों की खोज कर रहे हैं। अधिकारी ने आगे कहा कि पहला कदम तो यह रहता है कि यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स या फिर स्नैपचैट के इंफ्लुएंसर्स को पाकिस्तान हाई कमिशन की गैट टुगेदर पार्टी में बुलाया जाता है, उसके बाद उन्हें पाकिस्तान के वीजा दिए जाते हैं। जैसे ही वीजा मिल जाता है, फिर ये लोग पाकिस्तान जाते हैं। अधिकारी के मुताबिक पाकिस्तान पहुंचने के बाद इन इंफ्लुएंसर्स को पैसे, या दूसरे तरीके से रिवॉर्ड देने की कोशिश होती है। कई बार तो हनीट्रैप के जरिए भी उनसे मनचाहा काम करवाया जाता है। अब ऐसा नहीं है कि एक बार पाकिस्तान जाते ही इन इंफ्लुएंसर्स का काम पूरा हो जाता है, इन लोगों को कई बार पाकिस्तान बुलाया जाता है, आईएसआई ऑपरेटिव्स के साथ उनकी अच्छी जान-पहचान बनती है। जैसे ही लगता है कि इंफ्लुएंसर्स जाल में पूरी तरह फंस चुके हैं, उनके जरिए भारत के खिलाफ माहौल बनवाया जाता है, पाकिस्तान के पक्ष में नेरेटिव सेट होता है।

#### क्या हासिल करना चाहता पाकिस्तान?

जांच करने वाले अधिकारी मानते हैं कि इंफ्लुएंसर्स के जरिए सॉफ्ट पावर को टारगेट किया जाता है, जिन लोगों के लाखों सब्सक्राइबर्स होते हैं, उनके जरिए पब्लिक परसेप्शन बनवाया जाता है। ज्योति को भी जिस तरह से 'इंडियन गर्ल इन पाकिस्तान' बोलकर यूट्यूब पर प्रमोट किया गया, यह इसी खेल का हिस्सा है, पाकिस्तान की छवि को कुछ बेहतर बनाने की कोशिश है। जानकार तो यहां तक मानते हैं कि कोवर्ट ऑपरेशन्स में आजकल टिपिकल जासूस की जगह ये इंफ्लुएंसर्स ज्यादा बेहतर काम कर सकते हैं, उन पर किसी का शक भी नहीं जाता है। अब यूट्यूबर्स का भी अपना लालच होता है, पाकिस्तान में बैठे आईएसआई के लोग जानते हैं कि इन इन्फ्लुएंसर्स को व्यूज चाहिए, उनका सारा पैसा वहां से जनरेट होता है। ऐसे में उसी बात का फायदा उठाया जा रहा है और भारत के खिलाफ सोशल मीडिया पर माहौल बनाने की साजिश है।

---

## भारत में घुसकर बीएसएफ जवान को खींच ले गए बांग्लादेशी, बाद में किया रिहा

### मामले की गंभीरता ने खड़े कर दिए हैं कई सवाल

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में सीमा सुरक्षा बल के एक जवान को कथित तौर पर अगवा करने का मामला सामने आया। कुछ बांग्लादेशी नागरिक बीएसएफ के एक जवान को अगवा कर उसे बांग्लादेश की सीमा ले गए। हालांकि, कुछ ही घंटों बाद जवान को छोड़ दिया गया। लेकिन मामले की गंभीरता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यहदोनों देशों के बीच तालमेल को और मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार सुबह लगभग आठ बजे बीएसएफ को पता चला कि बांग्लादेश के कुछ अपराधी बीएसएफ के एक जवान को जबरन खींचकर बांग्लादेश की सीमा में ले गए और वहां उसे बांध दिया। इस मामले में बीएसएफ ने तुरंत बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के अधिकारियों से संपर्क किया। बीएसएफ की सख्त पहल के बाद बांग्लादेशी अधिकारियों ने हस्तक्षेप किया और जवान को कुछ ही घंटों में रिहा कर दिया गया।



#### यह है मामला

बता दें कि यह घटना सुइटी थाना क्षेत्र के चांदनी चौक बॉर्डर आउटपोस्ट के पास हुई, जहां बीएसएफ की 71वीं बटालियन के जवान श्री गणेश सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रहे थे। शुरुआती रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि जवान संदिग्ध घुसपैठियों का पीछा करते हुए अनजाने में बांग्लादेशी सीमा में प्रवेश कर गया था। लेकिन बाद में पता चला कि जवान भारतीय सीमा में ही था, बांग्लादेशी उसे जबरन सीमा पार खींच ले गए।

#### बंधक बनाकर रखा गया था गांव में

रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएफ सूत्रों ने पुष्टि की है कि जवान को अगवा किया गया था और बांग्लादेश के चपाई नवाबगंज जिले के एक गांव में बंधक बनाकर रखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में उन्हें एक केले के पेड़ से बांधे देखा जा रहा है। हालांकि लोकेशन साफ नहीं है। फुटेज में सुनाई दे रहे ऑडियो से साफ है कि बांग्लादेशियों ने गाली-गलौच भी की थी। कुछ लोग वहां ऐसे थे जिन्होंने भारतीय जवान को नुकसान पहुंचाने से रोका और उन्हें बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को सौंप दिया।

---

**आरएसएस के समारोह में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम**

## नेताम बोले-धर्मांतरण रोकने संघ ही कर सकता है हमारी मदद

एजेंसी ▶▶| नागपुर

आरएसएस स्वयंसेवकों के लिए आयोजित 'कार्यकर्ता विकास वर्ग' का समापन समारोह संघ प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम भी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए कहा पूर्व मंत्री अरविंद नेताम ने कहा, संघ और समाज के साथ काम किए बिना धर्मांतरण और नक्सलवाद का समाधान नहीं हो सकता। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज में धर्मांतरण सबसे बड़ा मुद्दा है।



श्री नेताम ने कहा कि किसी भी राज्य सरकार ने धर्मांतरण के मुद्दे को अब तक गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आरएसएस ही एकमात्र संस्था है जो इस क्षेत्र में हमारी मदद कर सकती है। नेताम ने कहा कि आरएसएस को नक्सलवाद समाप्त होने के बाद केन्द्र सरकार पर कार्ययोजना बनाने के लिए दबाव डालना चाहिए, ताकि यह समस्या फिर से न पनपे। नेताम ने कहा कि किसी भी सरकार ने पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 या पेसा को लागू नहीं किया। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार चुप है और यहां तक कि उद्योगपतियों की मदद कर रही है।

#### 840 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया

कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय नाम से आयोजित 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में देश भर से 840 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। यह शिविर 12 मई को नागपुर के रेशिमबाग क्षेत्र में स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में शुरू हुआ था।

**पहलगाम मुद्दे पर दिखी समाज में एकता :** प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा की गई कार्रवाई के पश्चात राजनीतिक वर्ग में दिखी आपसी समझ जारी रहनी चाहिए और एक स्थायी विशेषता बननी चाहिए।

---

## मोदी ने प्रधानमंत्री आवास पर लगाया सिंदूर का पौधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने आवास पर 'सिंदूर' का एक पौधा लगाया, जो उन्हें 1971 के युद्ध के दौरान उल्लेखनीय साहस दिखाने वाली महिलाओं के एक समूह ने भेंट किया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इस ऑपरेशन के मद्देनजर इस पौधे को लगाने का विशेष महत्व है।



#### गुजरात दौरे पर भेंट में मिला था पौधा

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 1971 के युद्ध में साहस और पराक्रम की अद्भुत मिसाल पेश करने वाली कच्छ की वीरांगना माताओं-बहनों ने हाल में गुजरात के दौरे पर मुझे सिंदूर का पौधा भेंट किया था। विश्व पर्यावरण दिवस पर आज मुझे उस पौधे को नयी दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री आवास में लगाने का सौभाग्य मिला है।

---

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन, वंदे भारत को भी दिखाएंगे हरी झंडी

# दुनिया का सबसे ऊंचा पुल... आज होगा राष्ट्र को समर्पित





**कई विकास परियोजनाओं का भी होगा शुभारंभ**

**दरिया से 359 मीटर की ऊंचाई पर है यह पुल**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के इतिहास में छह जून को नया अध्याय जुड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिनाब पर बने एफिल टावर से ऊंचे आर्च ब्रिज यानी मेहराब पुल शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। माता वैष्णो देवी मंदिर स्थल कटड़ा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि पीएम मोदी कटड़ा और श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाएंगे। चिनाब पुल को वास्तुशिल्प की बेमिसाल कृति बताते हुए बयान में कहा गया कि यह दरिया से 359 मीटर की ऊंचाई पर है। पुल का एक अहम प्रभाव जम्मू और श्रीनगर के बीच संपर्क को बढ़ाने में होगा। पुल पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा करने में केवल 3 घंटे लगेंगे, जिससे मौजूदा यात्रा का समय दो से तीन घंटे कम हो जाएगा।

#### 43,780 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई यूएसबीआरएल परियोजना

प्रधानमंत्री जिन अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे उनमें 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना भी शामिल है। यह करीब 43,780 करोड़ रुपये की लागत से बनी है। इसमें 36 सुरंगें (119 किमी तक फैली हुई) और 943 पुल हैं। यह परियोजना कश्मीर घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच हर मौसम में निर्बाध रेल संपर्क स्थापित करती है।

**सीमावर्ती इलाकों में विकास को मिलेगा रफ्तार**

सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे पीएमपीएम मोदी विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में अंतिम छोर तक संपर्क को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे।

---

**डोनाल्ड बोले एलन ने किया निराश**

## मस्क ने कहा, ट्रंप एहसान फरामोश

### छिड़ी जुबानी जंग, टेस्ला चीफ बोले- किल द बिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' की एलन मस्क द्वारा तीखी आलोचना किए जाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टेस्ला के सीईओ हमेशा से बिल के प्रमुख प्रावधानों से अवगत थे। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'मैं एलन से बहुत निराश हूं। मैंने उनकी बहुत मदद की है। मुझे नहीं पता कि आगे भी हमारे बीच अच्छे संबंध रहेंगे या नहीं।



**मेरे बिना ट्रंप चुनाव नहीं जीतते**

बिल के आधिकारिक शीर्षक का संदर्भ देते हुए मस्क ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, 'सभ्यता के पूरे इतिहास में, ऐसा कोई कानून कभी नहीं बना जो बिग और ब्यूटीफुल दोनों हो। मस्क ने एक यूजर को जवाब देते हुए लिखा, 'मेरे बिना, ट्रंप चुनाव हार जाते, डेमोक्रेट्स सदन पर नियंत्रण कर लेते और रिपब्लिकन की सीनेट में 51-49 सीटें होतीं।' उन्होंने ट्रंप को एहसान फरामोश बता दिया।

**खबर संक्षेप**

## पावर ग्रिड ने एमईएल पावर का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने बृहस्पतिवार को पीएफसी कंसल्टिंग से एक विशेष उद्देश्य के लिए बनायी गई इकाई एमईएल पावर ट्रांसमिशन का अधिग्रहण करने की घोषणा की। इसमें 558 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

# मई में सब्जियों के दाम घटने से घर का बना खाना हुआ सस्ता

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सब्जियों के दाम कम होने से मई महीने में घर का बना खाना थोड़ा सस्ता हो गया। इस दौरान शाकाहारी भोजन के मुकाबले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट रही। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल इंटेलिजेंस की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के मुताबिक, घर में बनी शाकाहारी थाली की कीमत मई महीने में घटकर 26.2 रुपये हो गई जबकि इस साल अप्रैल में इसकी कीमत 26.3 रुपये और पिछले साल मई में 27.8 रुपये थी। पिछले महीने मांसाहारी थाली के मामले में गिरावट ज्यादा तेजी से कम होकर 52.6 रुपये हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 55.9 रुपये थी।

**शाकाहारी के बदले मांसाहारी थाली के दाम में अधिक गिरावट**

### टमाटर, प्याज व आलू में गिरावट से शाकाहारी थाली रही सस्ती

शर्मा ने कहा कि वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के कारण निर्यात किए जाने वाले चावल की मात्रा में 20-25 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट में थाली की कीमतों में गिरावट का मुख्य कारण टमाटर की कीमतों में 29 प्रतिशत, प्याज में 15 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट को बताया गया है।



### संक्रमण से आलू की कीमतें बढ़ी

पिछले साल कम पैदावार से जुड़ी चिंताओं के कारण टमाटर की कीमतों में तेजी देखी गई थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में फसल के संक्रमण से आलू की कीमतें बढ़ गई थीं, जबकि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक में रकबे और पैदावार में कमी के अलावा पानी की उपलब्धता ने भी प्याज की कीमतों को बढ़ा दिया था।

### आलू व टमाटर की कीमतों में रही तेजी

आयात शुल्क में वृद्धि और घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में छह प्रतिशत की वृद्धि होने से घरेलू थाली के दाम में अधिक गिरावट नहीं आई। अप्रैल की तुलना में मई के दौरान आलू के दाम में तीन प्रतिशत और टमाटर में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि प्याज की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई।

*मांसाहारी थाली 53.9 रुपए की थी :* वहीं अप्रैल 2025 में मांसाहारी थाली 53.9 रुपये की थी। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पूषन शर्मा ने कहा, /"आगे चलकर मौसमी बदलावों के कारण सब्जियों की कीमतों में वृद्धि की संभावना है और मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में थोड़ी नरमी की उम्मीद करते हैं।/"

*ब्रॉयलर की कीमतों छह फीसदी घटी :* मांसाहारी थाली की लागत में कमी ब्रॉयलर (मुर्गे) की कीमतों में छह प्रतिशत कमी आने से आई है। ब्रॉयलर की मांसाहारी थाली में कुल लागत का 50 प्रतिशत भारांश होता है। मुर्गे की कीमत में नरमी का कारण महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बर्ड फ्लू की रिपोर्ट के बीच आपूर्ति अधिक होना और मांग में कमी आना है।

## रियल एस्टेट के शीर्ष निकाय क्रेडाई व नारेडको का कहना

# रियल एस्टेट कंपनियों को रेपो दर में कम से कम 0.25 फीसदी कटौती की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जतायी है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को बैठक के फैसले की घोषणा करेंगे। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी।"उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत की कटौती होनी चाहिए।

**रेपो रेट में कटौती से मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी**



### तीन माह से आवास की मांग धीमी

पटेल ने कहा, "पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।"





### रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण चालक

नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

### मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना होगा आसान

अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, "आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है, तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा। मासिक किस्त कम होगी तो लोगों के लिए निर्णय लेना भी आसान होगा। इससे बाजार में फ्लैट की मांग में वृद्धि आ सकती है।"

### विभिन्न क्षेत्रों को राहत मिलेगी

कृष्णा समूह और कृसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने कहा, "आरबीआई ने अपनी पिछली नीति समीक्षा बैठक में उदार रुख अपनाया था और उम्मीद है कि हम फिर से कटौती देखेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को और राहत मिलेगी।"

### एक फीसदी कटौती भी काफी बचत दिला सकती है

एआरआईपीएल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक सुरेंद्र कौशिक ने कहा, "रेपो दर में केवल एक प्रतिशत की कटौती भी 20 साल के आवास ऋण पर ग्राहकों को अच्छी-खासी बचत दिला सकती है। यह बचत घर खरीदारों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन बनती है। इससे न केवल वे तेजी से निर्णय लेते हैं, बल्कि रियल एस्टेट क्षेत्र में उनका भरोसा भी मजबूत होता है।

## सरकार ने एसईजेड के लिए मानदंडों में कुछ ढील दी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्रों के लिए समीपस्थ भूमि क्षेत्र मानदंडों में ढील दी है, जो विशेष रूप से सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण में संलग्न होना चाहते हैं। खासतौर पर अर्धचालक या इलेक्ट्रॉनिक घटकों के विनिर्माण के लिए स्थापित किया जाता है, वहां संलग्न भूमि क्षेत्र दस हेक्टेयर या उससे अधिक होगा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
**द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र.05/न.पा.नि./जोन क्रं 07/2025-26 दिनांक 05/06/2025

नगर पालिक निगम बिलासपुर के जोन क्र.07 अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 169022 | जोन क्र. 07 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में भवन/शेड/मंच/बाउण्ड्रीवाल निर्माण/मरम्मत कार्य। | 20.00 | 20-06-2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 06/06/2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

सम्पत्तिकर दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र.07
न.पा.नि., बिलासपुर (छ.ग.)



**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 03.06.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 47/CE/NH/TC/ 44- 30/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_ 862937_1 | Short term maintenance to Raipur- Durg Service Lane Road section of NH-53 from Km 281.00 to Km 307.600(Total lenghth-36.800) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 212.87 Lakhs |
| 2. | 48/CE/NH/TC/ 44- 31/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_ 862938_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh-Saraipali road section of NH-216 (New 153) from Km. 3.800 to Km. 25.600(21.8Km) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 399.00 Lakhs |
| 3. | 49/CE/NH / TC / 44- 32/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_ 862939_1 | Short term maintenance of Raigarh- Sarangarh-Saraipali road section of NH-216 (New 153) from km 25.600 to 27.900 & Km 30.00 To 31.160 (3.460 Km) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 123.00 Lakhs |
| 4. | 50/CE/NH/TC / 44- 33/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_ 862940_1 | Short term maintenance of Raigarh- Sarangarh-Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km 31.160 to Km 43.480 (12.32 Km ) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 403.00 Lakhs |
| 5. | 51/CE/NH/TC/ 44- 34/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_ 862941_1 | Short term maintenance of Raigarh- Sarangarh-Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km 43.480 to Km 54.840 (11.360 Km ) in the state of Chhattisgarh. | Rs. 434.00 Lakhs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.06.2025 सुबह 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S ) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/appसे डाऊनलोड की जा सकती है ।

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

G-252601377/4


# चांदी 2,000 रुपए उछलकर 1.04 लाख रुपए प्रति किलो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक संकेतों के अनुरूप सोने की कीमतों में भी 430 रुपये की तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

सोना और चांदी में लगातार चौथे सत्र में मजबूती रही। स्थानीय बाजारों में चांदी 2,000 रुपये उछलकर 1,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि घरेलू बाजार में चांदी की कीमत नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस तेजी को उच्च औद्योगिक मांग, मुद्रास्फीति जोखिम से बचाव के रुख और सीमित वैश्विक आपूर्ति आदि से समर्थन मिला। इससे पहले, 19 मार्च को चांदी ने अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची थी।



**सोना 430 रुपए चमका**

सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 430 रुपये बढ़कर 99,690 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 400 रुपये बढ़कर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।

**डॉलर में कमजोर रुख रहा**

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक...जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, "डॉलर में कमजोर रुख और शुल्क को लेकर अनिश्चितता तथा अमेरिकी ऋण चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग में वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई।

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के मुख्य संयंत्र, उरला डेयरी परिसर में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महासंघ के अधिकारी, कर्मचारी एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध संचालक डॉ. सैकत सामंत के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष एक नई थीम के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष की थीम 'बिट प्लास्टिक पॉल्यूशन' है। डॉ. सामंत ने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में हमें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव ला सकते हैं जैसे प्लास्टिक का सीमित उपयोग, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना। इसी क्रम में सभी ने मिलकर वृक्षारोपण करने, वृक्षों के संरक्षण व प्लास्टिक उपयोग को कम करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में डेयरी परिसर में सभी ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ पौधे लगाए।



**उरला डेयरी परिसर में पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प**

## सेल ने पिछले साल चुकाया 750 करोड़ रुपए का कर्ज

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इस्पात कंपनी सेल पिछले साल अपने बकाया कर्ज में से करीब 750 करोड़ रुपये की कटौती करने में सफल रही और वह आगे इसमें और कमी लाने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सेल के निदेशक (वित्त) अशोक कुमार पांडा ने कंपनी के वित्तीय नतीजों पर एक विश्लेषक चर्चा के दौरान कहा कि सेल पर फिलहाल करीब 26,800 करोड़ रुपये का कर्ज है। =पांडा ने कहा, /"हम इस वित्त वर्ष में इस कर्ज को और कम करने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल भी हमने लगभग 750 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया था।/" उन्होंने कहा कि आगे पूंजीगत व्यय बढ़ने पर कंपनी दो-आयामी दृष्टिकोण अपनाएगी जिसमें लाभप्रदता बढ़ाने की कोशिश के साथ कोष जुटाने के लिए उपलब्ध अन्य साधनों को इस्तेमाल किया जाएगा।


**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
1st Floor Udyog Bhawan, Ring Road No.1
Telibandha, Raipur (C.G.) Pin code- 492006
Phone: 0771-6621000, Website: www.csidc.in,
Email address:csidc.cg@gov.in, csidc_raipur@yahoo.com

No. CSIDC/IPPD/2025-26/ Date: 05/06/2025

**Notice Inviting Request for Proposal**

| NIT No. | Title |
|---|---|
| 01/25 | RFP for Empanelment of Training Agencies/Institutes for Entrepreneurship Development (EDP) and Capacity Building across Two Zones in Chhattisgarh. |
| 02/25 | RFP for Empanelment of Training Agencies/Institutes for Sector Specific Training Programmes across Two Zones in Chhattisgarh under the RAMP Scheme. |
| 03/25 | RFP for Selection of Agency for Deployment of Sector Experts for Focus Sector Development under the RAMP Scheme in Chhattisgarh. |

The REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in and www.csidc.in from 05/06/2025 and shall be submitted online only.

Amendment in RFP, if any, will only be uploaded on the web-site and shall not be published in any newspaper. The last date for submission of RFP through E-Proc is 07.07.2025 4.00 p.m.

The interested Agencies for online submission of RFP may contact CG e-Proc Helpdesk operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 1800 419 9140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press2 for CG e-Proc) or you can email Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S-44096/2 Managing Director



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No. 03-03/P-IV/TN-134/CP-175/2025-26/2094 Dtd: 04/06/2025

**E- TENDER NOTICE No. TN-134**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below: -

| S. No. | Tender no. /Rfx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | CP-175/25-26 Rfx-8100043695 (with RLA) | "Procurement of Cast Basalt Pipe for Ash Handling Plant for 1X500 MW HTPS Korba West & ABVTPS Marwa". | Upto 30.06.2025 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:–https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL::RAIPUR



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, वि./यां, भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

आदेश क्र. /1454/व.ले.लि रायपुर, दिनांक 05/06/2025

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 1/व.ले.लि. रायपुर 2025-26 दिनांक 16/05/2025 सिस्टम नं. 168521 (प्रथम आमंत्रण) रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग की राजीव समोदा निसदा डायवर्सन क कंट्रोल पैनल व विधुतीकरण कार्य। अनुमोदित लागत राशि रू. 295.55 लाख के निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसका जी नम्बर 252600968/6 दिनांक 19/05/2025 है। को अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता, वि./यां,
भारी संयंत्र संभाग, जल संसाधन
विभाग रायपुर (छ.ग.)

G-252601389/6



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 59/169303 | STRENGTHENING OF I.T.I. CAMPUS ROAD AT I.T.I. MANA CAMP, RAIPUR CHHATTISGARH (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 44.126 लाख |
| 130/169317 | S/R, MOW AND DEPOSITE WORK AT CIRCUIT HOUSE, (CIVIL LINE JUDGE COLONY) SECTION, UNDER SUB - DIVITION NO.1 RAIPUR C.G. (प्रथम आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |
| 129/169318 | S/R, MOW AND DEPOSITE WORK AT MANTARLAY SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |
| 126/169319 | S/R, MOW & DEPOSIT WORK OF RESIDENTIAL/NON RESIDENTIAL BUILDING AT PENSIONBADA SECTION UNDER MAINTENANCE SUB-DIVISION RAIPUR (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 60.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र.59 सिस्टम टेन्डर नं. 169303 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 19.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 130 सिस्टम टेन्डर नं. 169317, एन.आई. टी. क्र. 129 सिस्टम टेन्डर नं. 169318 एवं एन.आई.टी. क्र.126 सिस्टम टेन्डर नं. 169319 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

G- 252601383/2



**छत्तीसगढ़ शासन**
**पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 13.06.2025 को किया गया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम स्थल का नाम - पिथौरा
नीलाम दिनांक - 13.06.2025
नीलाम समय - 9:00 बजे प्रातः से

**नीलाम दिनांक 13.06.2025 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागाव पिथौरा**

| क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | | | अनसोल्ड (पुराना) वनोपज | | | कुल वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | सागौन | 313.533 | 108 | 3758 | 0 | 3261.837 | 19501 | 76761 | 3575.370 | 19609 | 80519 | 0 |
| 2 | साल | 24.938 | 25 | 0 | 0 | 7.262 | 81 | 0 | 32.200 | 106 | 0 | 0 |
| 3 | शीशम | 1.964 | 0 | 0 | 0 | 3.657 | 0 | 0 | 5.621 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | तिन्सा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 3.298 | 0 | 0 | 3.298 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 39.346 | 0 | 0 | 0 | 25.090 | 0 | 0 | 64.436 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 41.308 | 259 | 0 | 0 | 45.618 | 110 | 0 | 86.926 | 369 | 0 | 0 |
| 7 | हल्दु मुड़ी | 23.949 | 155 | 0 | 0 | 90.575 | 0 | 0 | 114.524 | 155 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 11.487 | 0 | 0 | 0 | 18.257 | 0 | 0 | 29.744 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | सलिहा मोदे | 4.687 | 0 | 0 | 0 | 1.377 | 0 | 0 | 6.064 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | पापड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 2.335 | 0 | 0 | 2.335 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | खैर | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 2.216 | 0 | 0 | 2.216 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | नीलगिरी | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 6.553 | 0 | 0 | 6.553 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | अन्य | 89.707 | 7553 | 0 | 112 | 68.660 | 1677 | 0 | 158.367 | 9230 | 0 | 112 |
| योगः- | | 550.919 | 8100 | 3758 | 112 | 3536.735 | 21369 | 76761 | 4087.654 | 29469 | 80519 | 112 |

| | |
|---|---|
| काष्ठगार पिथौरा-भाग 2 (सराईटार) 1845 नग व्यापारिक बांस पुराना डिपो बागबाहरा 2249 नग व्यापारिक बांस पुराना | |
| बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत निस्तार / उपभोक्ता / अस्थाई पड़ाव डिपो में संग्रहित बांस की मात्रा | |
| अ.प. नवागांव 559 चट्टा पुराना जलाऊ एवं पुराना व्यापारिक बांस - 24655 नग तथा पुराना औद्योगिक बांस 47090 बंडल (601.649 नो.ट.) | |
| बरपाली 233 चट्टा पुराना जलाऊ एवं 4649 नग पुराना व्यापारिक बांस | बलौदाबाजार- 800 फेसिंग पोल्स एवं 1000 नग नया व्यापारिक बांस |
| थरगांव डिपो 2690 नग पुराना व्यापारिक बांस | भाटापारा 25 चट्टा पुराना जलाऊ |
| निस्तार डिपो महराजी 330 नग पुराना व्यापारिक बांस | सिमगा 28 चट्टा पुराना जलाऊ एवं अ. प. देवपर 2000 नग |
| सण्डी 11 चट्टा पुराना जलाऊ एवं 355 नग पुराना व्यापारिक बांस | पलारी 404 नग पुराना व्यापारिक बांस |

टीप :-
1/ क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।
2/ क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिर्वाय है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह
के भीतर शेष 15 प्रतिशन ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3/ लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है।
4/ ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)
G-252601385/1

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)

# आईपीएल 2025 : चमकी 10 खिलाड़ियों की किस्मत, दमदार प्रदर्शन से पूरी दुनिया को बनाया अपना दीवाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 युवा खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के लिए याद किया जाएगा। हर साल इस टूर्नामेंट से एक से बढ़कर एक नए सितारे उभरकर निकलते हैं। इस साल भी कुछ ऐसा ही हुआ है। आईपीएल के 18वें सीजन में एक ऐसा युवा खिलाड़ी देखने को मिला, जिसने सिर्फ 14 साल की उम्र में ही भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल का सबसे तेज शतक जड़ दिया। इसी तरह और भी खिलाड़ी हैं, किसी ने अपने बल्लेबाजी से तो किसी ने अपनी गेंदबाजी से सबको अपना दीवाना बना दिया है।




### साई सुदर्शन 759 रन

सुदर्शन ने इस साल शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने इस साल 15 मैचों में 54.21 की औसत से 759 रन जड़े। सुदर्शन ने 6 अर्धशतक और 1 शतक लगाया। सुदर्शन ने इस साल का ऑरेंज कैप अपने नाम किया।

### प्रसिद्ध कृष्णा 25 विकेट

प्रसिद्ध इस साल के पर्पल कैप विजेता रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिए। प्रसिद्ध ने 15 मैचों में 19.52 की औसत से 25 विकेट चटकाए।



### प्रियांश : 475 रन

प्रियांश डेब्यू सीजन में अनकैप्ड प्लेयर द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। प्रियांश ने 17 मैचों में लगभग 180 की स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक शानदार शतक भी लगाया था।

### आयुष : 240 रन

17 साल के आयुष ने शानदार बल्लेबाजी की। इस सीजन में रिप्लेसमेंट के तौर पर आए आयुष ने 7 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन ठोक डाले।

### प्रभसिमरन सिंह : 549 रन

प्रभसिमरन ने इस साल बहुत ही जबरदस्त बल्लेबाजी की। उन्होंने 17 मैचों में लगभग 33 की औसत से 549 रन जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 160.52 का रहा।



### विपराज : 142 रन

विपराज निगम ने इस साल अपने बल्ले और गेंद दोनों से ही कमाल का प्रदर्शन किया। विपराज ने इस सीजन में 142 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने गेंदबाजी में 11 विकेट भी चटकाए।

### अनिकेत : 204 रन

अनिकेत वर्मा ने अपने डेब्यू सीजन में सभी को प्रभावित किया। अनिकेत ने 9 पारियों में लगभग 30 की औसत से 204 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 160.62 का रहा।

### वैभव सूर्यवंशी 252 रन

14 साल के वैभव ने इस सीजन में इतिहास रच दिया। उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वैभव ने सिर्फ 35 गेंदों में शतक ठोका था। इस साल उन्होंने 7 मैचों में लगभग 207 की स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट होने की वजह से उन्होंने टाटा कर्व कार भी जीती।

### शशांक सिंह : 350 रन



शशांक ने इस सीजन में बहुत ही बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने 17 मैचों में 50 की औसत से 350 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 153.50 का रहा।

### दिग्वेश राठी : 14 विकेट

दाएं हाथ के लेग स्पिनर दिग्वेश ने अपने डेब्यू सीजन में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 13 मैचों में 30.64 की औसत से 14 विकेट चटकाए।

## खबर संक्षेप



### थाईलैंड ने मैत्री मैच में भारत को 2-0 से हराया

**बैंकॉक।** भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाइलैंड से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आठवें मिनट में बेन डेविस के गोल करने के बाद भारत के पास वापसी करने के लिए कोई मौका नहीं बचा। भारत यह मैच 0-2 से हार गया। यह मैच अंतरराष्ट्रीय पथुम थानी के रंगसिट में थम्मासैट स्टेडियम में खेला गया।

### अगले आईपीएल में करुंगा बेहतर प्रदर्शन

**मुंबई।** अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।



सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था। इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।

### पूर्व क्रिकेटर सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए ललचाने का दोषी पाया है।



अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किए गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था।

### दिल्ली चेस में 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपए होगी।



दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वाधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है।

## भारतीय ए टीम और इंग्लैंड लायंस के बीच होगा मुकाबला

# गिल-सुदर्शन की एंट्री, राहुल करेंगे रनों की बारिश, आज से दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल और साई सुदर्शन से लेकर केएल राहुल जैसे बड़े सितारे शुक्रवार से इंग्लैंड की सरजमीं पर एक्शन में दिख सकते हैं। भारत और इंग्लैंड की टेस्ट सीरीज वैसे तो 20 जून से शुरू होनी है, लेकिन उससे पहले इंडिया-ए बनाम इंग्लैंड लायंस दूसरा फर्स्ट-क्लास मैच 6 जून से खेला जाएगा। बता दें कि दोनों टीमों का पहला मैच रद्द हो गया था, जिसमें इंडिया-ए के लिए करुण नायर ने 204 रनों की शानदार पारी खेली थी। अब जानिए दूसरे फर्स्ट-क्लास मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन कैसी दिख सकती है?

अभिमन्यू ईश्वरन टीम की कप्तानी कर रहे होंगे, जो पहले मैच में सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। केएल राहुल पुष्टि कर चुके हैं कि वो इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहने वाले हैं। राहुल को इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय स्क्वाड में भी स्थान मिला है, जिन्हें ओपनिंग के विकल्प के तौर पर भी देखा जा रहा है। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ यशस्वी जायसवाल पहली पारी में फेल हुए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 64 रन बना डाले थे।



## गिल-साई टीम में शामिल

*आईपीएल 2025 में ऑरेंज कैप जीतने वाले साई सुदर्शन को भी इंडिया-ए टीम में जगह मिली थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 759 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टेस्ट टीम के नवनिर्वाचित कप्तान शुभमन गिल भी दूसरे मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। गिल, आईपीएल 2025 में 650 रन बनाकर आ रहे हैं। नितीश कुमार रेड्डी और ध्रुव जुरेल ने दूसरी पारी में क्रमशः नाबाद 52 और 53 रनों की पारी खेली थी।*

### बाहर बैठेंगे नायर

पहले मैच में डबल सेंचुरी बनाने वाले करुण नायर टीम से बाहर बैठ सकते हैं, जिन्हें पहले मैच में अपना खेल दिखाने के लिए काफी समय मिला था। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के मद्देनजर नायर की जगह केएल राहुल को देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा गेम-टाइम देने का प्रयास किया जा सकता है।

**इंडिया-ए टीम :** अभिमन्यू ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, नितीश रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे/तनुष कोटियन, अंशुल कंबोज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## टेस्ट : टंग-कुक नए चेहरे, वोक्स की वापसी, इंग्लैंड टीम का ऐलान

**लंदन।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत-ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है। टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। 31 वर्षीय इस गेंदबाज को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच में अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है और उनके मैच से पहले फिट होने की उम्मीद है।

### भारत के इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20-24 जून | लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2-6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10-14 जुलाई | लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23-27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई - 4 अगस्त | लंदन |

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## गंभीर बयान

# मैं कभी रोड शो का समर्थक नहीं था, 2007 में भी नहीं



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल खिताबी जीत के समारोह के आयोजन में शामिल सभी लोगों की गुरुवार को कड़ी आलोचना की।

इंग्लैंड दौरे के लिए टीम के रवाना होने से पहले प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गंभीर ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं कभी रोड शो के पक्ष में नहीं था। यहां तक कि 2007 में भी मैं इसके पक्ष में नहीं था। इसे बंद दरवाजे के पीछे या स्टेडियम में करें। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में ऐसा कुछ नहीं होगा। हमें हर पहलू में जिम्मेदार नागरिक होने की जरूरत है, चाहे वह फ्रेंचाइजी हो या नहीं। अगर हम रोड शो करने के लिए तैयार नहीं थे तो हमें ऐसा नहीं करना चाहिए था। आप 11 लोगों को नहीं खो सकते।'

### बल्लेबाजी पर काम करना बतौर कप्तान आसान नहीं



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरुआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, 'गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में कुछ काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता।'' उन्होंने कहा कि भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है ।

## यह भयावह त्रासदी...

# बेंगलुरु भगदड़ पर क्रिकेट जगत ने जताया शोक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 लोगों की मौत पर शोक जताते हुए कहा कि यह बहुत ही भयावह त्रासदी है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 18 साल बाद पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के जश्न के दौरान भगदड़ में 11 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हुए हैं। तेंदुलकर ने 'एक्स' पर लिखा, 'बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जो भी हुआ, वह भयावह है। हर प्रभावित परिवार के प्रति मेरी संवेदनाए। सभी को सुकून और शक्ति मिले।' दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लिखा, 'चिन्नास्वामी स्टेडियम पर हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।'

भारत के पूर्व कप्तान और कोच और बेंगलुरु के रहने वाले अनिल कुंबले ने इसे क्रिकेट के लिए दुखद दिन करार दिया। उन्होंने लिखा, 'क्रिकेट के लिए दुखद दिन। आरसीबी की जीत का जश्न मनाने में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना।'

युवराज सिंह ने लिखा, 'जश्न का पल अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। बेंगलुरु हादसे से प्रभावित हर एक के प्रति मेरी संवेदना। दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और उनके परिवार को शक्ति।'

### जश्न से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं जिंदगियां

**बेंगलुरु।** महान ऑलराउंडर कपिल देव ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि 'जिंदगी जश्न से ज्यादा महत्वपूर्ण है' और सभी को भविष्य में उचित सावधानी बरतने की सलाह दी। एक कारपोरेट कार्यक्रम के मौके पर कपिल ने कहा, 'मुझे इस बात का बहुत बुरा लग रहा है। मुझे लगता है कि हमें एक-दूसरे से सीखना चाहिए। अगली बार जब ऐसा कुछ होगा तो लोगों को अधिक सचेत रहना चाहिए। लोग गलती करते हैं। गलतियां इतनी बड़ी नहीं होनी चाहिए कि आप मौज-मस्ती कर रहे हों और जान गंवा बैठें। भविष्य में अगर कोई टीम जीतती है तो उसे धैर्य रखना चाहिए। जश्न से ज्यादा जान की अहमियत है। इसे इस तरह से समझा जा सकता है।'

## फ्रेंच ओपन : पहली बार फाइनल में सबालेंका, स्वियाटेक बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियाटेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को यहां महिला एकल फाइनल में जगह बनाई।

सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा



जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रिवा को 7-6, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

## टीम रिले प्रारूप, नई स्कोरिंग प्रणाली को परखेगा बीडब्लूएफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैडमिंटन विश्व महासंघ गुवाहाटी में होने वाले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान परीक्षण और विश्लेषण कार्यक्रम के तहत मिश्रित टीम स्पर्धा में नयी स्कोरिंग प्रणाली के साथ-साथ 15 अंको वाले तीन गेम प्रारूप का आकलन करेगा।



इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन असम की राजधानी स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में होगा। टीम चैंपियनशिप छह से 11 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएं 13 से 19 अक्टूबर तक होंगी। बीडब्लूएफ और भारतीय बैडमिंटन संघ प्रतियोगिता को अधिक रोमांचक बनाने के साथ वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए दो नए प्रारूपों की शुरुआत करेंगे। मिश्रित टीम टूर्नामेंट में पुनः संशोधित रिले प्रारूप लागू किया जाएगा जिसमें 45 अंक हासिल करने तक 'बेस्ट ऑफ थ्री सेट' प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे।

प्रत्येक सेट में पांच मुकाबले होंगे। इसमें पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल के मुकाबले शामिल है। बीडब्लुएफ के महासचिव थॉमस एल ने कहा, 'हम बैडमिंटन में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए, बीएआई, गुवाहाटी और बीडब्लूएफ की प्रगतिशील और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ दूरदर्शी चैंपियनशिप पेश करके खुश हैं।'

# सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में, सिंधू इंडोनेशिया ओपन में हारी

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में



पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

### मिश्रित युगल जोड़ी को मिली हार

भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

Chola
Enter a better life

**चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालयः चोला क्रेस्ट, सी-54 एवं 55, सुपर बी-4, थिरु वी का, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुइंडी, चेन्नई- 600032.
शाखा कार्यालयः सातवीं मंजिल, करेंसी टावर, वीआईपी चौक, जी.ई.रोड,तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001.

प्रति,

1. **श्री मंदीप सिंह गिल**, 2. **श्रीमती गुरमीत कौर**, ई - 205, सेक्टर 5, देवेंद्र नगर रायपुर (छ. ग.) 492001, **वर्तमान पता-** बरखा होटल, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन के पास, रायपुर (छ. ग.) 492001, 3. **होटल बरखा**, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन के पास, रायपुर (छ. ग.) 492001

**सन्दर्भः**- बंधक सम्पति - मकान/ प्लाट नंबर E -204 एवं E-205, जो कि मौजा देवेंद्र नगर सेक्टर 5, वार्ड न 25,- RDA योजना क्रमांक 32 के अंतर्गत, पंडरी तराई, में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2030 वर्गफीट है, जिसका भौतिक आधिपत्य **दिनांक 03/02/2025** को **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के द्वारा लिया गया है, में से सामान हटाने के सम्बन्ध में।

**लोन खाता क्रमांकः- X0HERRH00000795943, X0HERRH00002066641 & X0HERRH00002635546**

महोदय जी,

निवेदन है कि **दिनांक 03/02/2025** को **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** के द्वारा, उसके पास आपके द्वारा लिए गए ऋण के एवज में बंधक रखे गए सम्पति, जिसका विवरण ऊपर दिया गया है, का भौतिक आधिपत्य, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर, माननीय जिला मजिस्ट्रेट महोदय रायपुर के द्वारा प्रकरण क्रमांक 231/ब-121/2019-20, में पारित आदेश **दिनांक 12/07/2021** को निष्पादित कर प्राप्त कर लिया गया है। कृपया अधिक विवरण के लिए कब्जा नोटिस **दिनांक 03/02/2025** देखें । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बंधक शुदा उक्त सम्पति एक रिहायशी मकान है, जंहा की घरेलु उपयोग में आने वाले अनेक सामान रखा हुआ है, जिसकी सूची कब्जे की सूचना **दिनांक 03/02/2025** के साथ आपको भी प्रेषित की गई है। आगे यह भी उल्लेखनीय है कि, आपको कब्जा के दिनांक से पूर्व अनेक बार तहसील कार्यालय रायपुर से कब्जे की सुचना दी गई थी, इसके आलावा **चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** की और से भी **दिनांक 09/08/2024** को, बंधक सम्पति पर से अपना सामान हटा लेने के सम्बन्ध में आपको सूचना दी गई थी, एवं **दिनांक 03/02/2025** को भी कब्जे की कार्यवाही के पहले भी आपको सामान हटाने हेतु अवसर प्रदान किया गया था। किन्तु उसके उपरांत भी आपके द्वारा बंधक शुदा उक्त मकान को रिक्त नहीं किया गया, इसके अतिरिक्त उक्त बंधक सम्पति का भौतिक आधिपत्य लिए जाने के उपरांत करीब 4 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी आपकी ओर से बंधक सम्पति पर से सामान हटाने हेतु कोई पहल नहीं की गई है। कृपया ध्यान दे कि उक्त कंपनी उल्लेखित बंधक सम्पति पर रखे हुए चल वस्तुओं की देखभाल करने की स्थिति में नहीं है, और न ही देखभाल करने हेतु जिम्मेदार ही हैं।

अतः इस पत्र के माध्यम से, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया इस पत्रकी प्राप्ति की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर ऊपर वर्णित बंधक संपत्ति में रखे हुए समस्त सामान को अपनी सुरक्षा में लेकर स्थानांतरित कर लेवें। आगे आपसे यह भी अनुरोध है कि आप नीचे हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी को सामान को स्थानांतरित करने की तारीख 5 (पांच) दिन पहले सूचित करें एवं साथ ही तहसील कार्यालय रायपुर एवं सम्बंधित थाना को भी सुचना प्रेषित करें, ताकि सामान को आसानी से हटाने की सुविधा मुहैया कराई जा सके। कृपया ध्यान दें, 15 (पंद्रह) दिनों की अवधि बीतने के बाद, हम उक्त बंधक संपत्ति में रखे हुए सामान के निपटान के लिए उचित कार्रवाई करेंगे, जिस पर आने वाले तमाम हर्जो और खर्चो के लिए आप जिम्मेदार होंगे। कृपया यह भी ध्यान रखें कि उपरोक्त अवधि बीतने के बाद, हम न तो पत्राचार या किसी भी संचार के लिए न तो उत्तरदायी होंगे, और न ही किसी भी प्रकार के नुकसान या क्षति के दावे के लिए जिम्मेदार होंगे ।

**स्थान- रायपुर**
**दिनांकः- 05/06/2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एन्ड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com